26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 29 मार्च, 2026

अंक- 153 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# हमारे पड़ोस में भीषण युद्ध चल रहा है

## अफवाहों से बचें, संयम बनाए रखें- मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अमेरिका-ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया में जारी अशांति पर गहरी चिंता व्यक्त की। पीएम मोदी ने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहे हैं और भारत को इस चुनौती का डटकर सामना करने के लिए एकजुट होना होगा व अफवाहों से बचना होगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आग्रह किया कि इस संवेदनशील समय में एकजुट रहें। उन्होंने उन लोगों की आलोचना की जो इस गंभीर मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं या अफवाहें फैला रहे हैं। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि यह विषय 140 करोड़ भारतीयों के सीधे हित से जुड़ा है, इसलिए जनता को केवल सरकार द्वारा दी जा रही आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करना चाहिए।

# अमेरिका कर रहा है ईरान में ज़मीनी अभियान की तैयारी

## अमेरिकी जहाज त्रिपोली से 3500 सैनिक मिडिल ईस्ट पहुंचे

तेल अवीव। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी और बढ़ा दी है। अमेरिकी वॉरशिप USS त्रिपोली करीब 3,500 सैनिकों (मरीन और नेवी) के साथ इस इलाके में पहुंच गया है। यह जहाज जापान से रवाना होकर अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड (CENTCOM) क्षेत्र में 27 मार्च को पहुंचा। USS त्रिपोली एक बहुत बड़ा अम्फीबियस असॉल्ट शिप है, जो आकार में लगभग एयरक्राफ्ट कैरियर जितना होता है। इसमें हेलीकॉप्टर, MV-22 ओस्प्रे और F-35B फाइटर जेट जैसे विमान भी तैनात हैं। अम्फीबियस असॉल्ट शिप एक ऐसा बड़ा सैन्य जहाज होता है जो समुद्र और जमीन दोनों जगह ऑपरेशन करने के लिए बनाया जाता है। यह जहाज सैनिकों को समुद्र से सीधे दुश्मन के किनारे तक पहुंचाता है। इसी बीच, एक और अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर USS जॉर्ज H.W. बुश भी अमेरिका से रवाना होकर मिडिल ईस्ट की ओर बढ़ रहा है। फिलहाल यहां दो अमेरिका एयरक्राफ्ट कैरियर USS अब्राहम लिंकन और USS जेराल्ड आर. फोर्ड मौजूद हैं। पाकिस्तान में कल तुर्किये, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। यहां वे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। इस्लामाबाद में होने वाली इस बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा होगी। बता दें कि पाकिस्तान के ईरान और सऊदी अरब दोनों से बेहतर रिश्ते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसलिए पाकिस्तान को विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए बेहतर जगह माना जा रहा है। यह मीटिंग पहले तुर्किये में होनी थी, लेकिन बाद में इसे पाकिस्तान शिफ्ट कर दिया गया। पाकिस्तान इस समय किसी एक पक्ष में सीधे शामिल नहीं है, इसलिए उसे न्यूट्रल जगह माना जा रहा है। उसके ईरान और सऊदी अरब दोनों से अच्छे रिश्ते हैं, इसलिए बातचीत आसान है।

# ऋषिकेश के होटल में चल रही थी जुआ व शराब पार्टी

# दिल्ली से बुलाई थीं बार बालाएं

## 10 महिलाओं सहित 40 लोग गिरफ्तार



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** तीर्थनगरी में हरिद्वार रोड पर स्थित होटल नवरंग में छापा मारकर पुलिस ने अवैध कसीनो और शराब पार्टी का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से 10 महिलाओं सहित 40 लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से 3356 कसीनो क्वाइन, 26 तास की गड्डी, एक लाख 37 हजार 600 रुपये नकदी तथा भारी मात्रा में महंगी शराब की बोतलें बरामद हुईं। होटल मालिक जगदीश कंडवाल फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है। होटल को सीज कर दिया गया है। उक्त प्रकरण में पुलिस की गंभीर लापरवाही परिलक्षित होने पर एसएसपी देहरादून द्वारा आईडीपीएल चौकी पर नियुक्त सभी 12 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि होटल में अवैध रूप से कसीनो चलाया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग जुआ खेलने के लिये आये हैं। इसके साथ ही दिल्ली से बार बालाओं को बुलाये जाने की सूचना थी। एसएसपी देहरादून के निर्देश पर सीओ ऋषिकेश के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित ढंग से होटल पर दबिश दी गई, तो वहां जुआ व शराब पार्टी चलते हुये पाई गई। पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे लोगों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की घेराबंदी के चलते सभी को पकड़ लिया गया। होटल नवरंग आईडीपीएल की चौकी से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित है।

पकड़े गये लोगों में दिल्ली, फरीदाबाद, ऋषिकेश, देहरादून, मेरठ, नोएडा के लोग व युवतियां शामिल हैं। सभी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। घटना से तीर्थनगरी ऋषिकेश में हड़कम्प मच गया। सूत्रों के अनुसार तीर्थनगरी के कई अन्य होटलों में भी इस तरह का आयोजन किया जाता है। यहां दिल्ली एनसीआर से लोग जुआ खेलने और अय्याशी के उद्देश्य से आते हैं। पुलिस की मिलीभगत से यह गोरखधंधा बड़े पैमाने पर चल रहा है।




महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234





ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 9084329100

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

## यूपीएससी परीक्षा में सफल हुए नगीना के असद अकील रहे मुख्य अतिथि

**नगीना (चिंगारी)।** एसएसके इंटरनेशनल अकादमी में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं को कक्षाओं में स्थान पाने पर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति पेश की गई।

शनिवार को एकेडमी में आयोजित वार्षिक परीक्षाफल कार्यक्रम से पहले हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले असद अकील, स्कूल के चेयरमैन साहू संतोष कुमार अग्रवाल, प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल, प्रबंध निदेशिका सिद्धि अग्रवाल तथा प्रधानाचार्या अंशु बिश्नोई द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति पेश की गई। सरस्वती वन्दना एवं राजस्थानी नृत्य पर दर्शक झूम उठे। सत्र भर स्कूल में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे टैलेंट हंट हिंदी, इंग्लिश सुलेख, कविता, रंगोली, मेहंदी तथा राखी आदि के विजेताओं को मुख्य अतिथि असद अकील ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थी को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि आईएएस असद अकील।

टैलेंट हंट प्रतियोगिता में कक्षा एक से सानवी एवं खुशी कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 2100 रुपये की धनराशि प्राप्त की। कक्षा दो से कृतिका और कक्षा एक से लक्षिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं 1100 रुपये की धनराशि प्राप्त की। कक्षा दो से सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त करके पुरस्कार प्राप्त किया। साथ ही विभिन्न स्कूलों के 20 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा एक ए से लक्षिका, चारु बलदानिया, ऋषभ, कक्षा एक बी सानवी, सोफियान,गुरजोत, कक्षा दो से इनाया अंसारी, इशान, सचिन कुमार, कक्षा तीन से लक्ष्य, लक्ष, रवनीत सिंह, कक्षा चार से भूमिका, प्रत्यक्ष, गुरप्रीत, कक्षा पांच से सृष्टि राज, हंशिका, अन्नपूर्णा, कक्षा छह से निकिता, प्रीत, अभिनव, कक्षा सात से रितिका रानी, आरुषी शर्मा, मानवी गुप्ता, कक्षा आठ से शगुन आर्यन, रिकांश, गुरकीरत क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे।

मेधावी विद्यार्थियों को आईएएस असद अकील अंसारी, साहू संतोष कुमार अग्रवाल, प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल, सिद्धि अग्रवाल व प्रधानाचार्या अंशु बिश्नोई द्वारा स्मृति चिन्ह व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। असद अकील अंसारी ने सभी बच्चों को उनकी सफलता के लिए बधाई तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिकाओं रिया चौहान एवं तसनीम फातीमा द्वारा किया गया। साथ ही लक्ष्य अग्रवाल, तरनजीत, पूजा बिश्नोई, नैना, अंशु, सायमा, अदीबा, माही मनिता आदि का सहयोग रहा।

# भगवान महावीर की जयंती पर जैन समाज ने निकाली प्रभातफेरी

**धामपुर (चिंगारी)।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म दिवस के अवसर पर आज प्रातः 7 बजे जैन समाज धामपुर द्वारा श्री शांतिनाथ जिनालय मोहल्ला गुजरातियन से प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें महावीर भगवान के संदेशों और भजनों को जैन समाज के लोग गाते हुए चल रहे थे। भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।



प्रभात फेरी पहाड़ी दरवाजा, खारी कुआं, मोहला साहूवान मोहल्ला दर्जियान, बड़ी मंडी, फल चौक होते हुए श्री शांतिनाथ जिनालय मोहल्ला गुजरातियन में आकर सम्पन्न हुई।

प्रभात फेरी में अभिषेक जैन, शुभम जैन संयम जैन अनुज जैन, सार्थक जैन, सुधाकर जैन, नमन जैन, अमन जैन, अनिल जैन, अरुण जैन, निखिल जैन, आयुष जैन, चुनमुन जैन, अभिनव जैन, वत्सल जैन, संयम जैन, मर्दव जैन, परवीन जैन, अजय जैन, पंकज जैन, मनोज जैन, प्रशांत जैन, दिनेश जैन , वंदित जैन, हर्षित ऋषभ जैन, गर्वित जैन, पंकज जैन,अनंत जैन,हर्ष जैन, दीपम जैन, पारुल जैन,शिल्पी जैन, मोनिका जैन, साक्षी जैन, अंकिता जैन, भावना जैन, अमिता जैन, गिरिशा जैन, अद्वविक जैन मोक्षिता जैन, आरना जैन , आदि जैन शामिल रहे।

# नामित सभासदों को शपथ ग्रहण कराई



एमएम इंटर कॉलेज में हुए शपथ ग्रहण करते हुये नामित सभासद।

**नगीना (चिंगारी)।** एमएम इंटर कॉलेज के प्रांगण में हुए भव्य कार्यक्रम में सरकार द्वारा नामित पालिका के पांचों सभासदों को एसडीएम विजय शंकर ने शपथ दिलाई। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

शनिवार की दोपहर हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी, चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, ब्लॉक प्रमुख पति ठाकुर विकास राजपूत,भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलोत, पालिका के अधिशासी अधिकारी आशुतोष रामप्यारे जैसवाल, पूर्व विधायक सतीश गौतम आदि की मंचासीन उपस्थिति में एसडीएम विजय शंकर ने पालिका के नामित सभासदों नीरज बिश्नोई, लाला विनोद कुमार अग्रवाल, डॉ.भूपेश चौहान, सोहन सैनी व मनोज टंडन को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अपने संबोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने नामित सभी पांचों सभासदों से नगर के विकास के लिए मिलकर काम करने का आवाहन किया। शेख शाहनवाज खलील ने कहा कि वह नगर को उत्तम बनाए जाने के अपने प्रयास में लगातार लगे रहेंगे।

भाजपा के नगर महामंत्री पंडित सचिन शर्मा के संचालन में आयोजित हुए कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व


शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते शेख शाहनवाज खलील।

जिला उपाध्यक्ष कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, विहिप नेता प्रदीप गर्ग, अब्दुल कय्यूम राइन, सभासद कपिल पवार, रोहित बिश्नोई, टिकेंद्र विश्नोई, प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, सभासद गोपाल शर्मा, मकसूद उस्मानी, विकास गुप्ता उर्फ विक्की, मोहम्मद शारिक, राजकुमार सैनी, गर्वित चौधरी, शिव शंकर सक्सेना, सौरभ मित्तल आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत

## पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। गुरुवार की शाम एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हुए बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। ग्राम मानियावाला निवासी हरकेश सिंह के पुत्र उदरेस सिंह गत गुरुवार को मेरठ निवासी अपने भांजे अनित के साथ थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम राजनगर स्थित मठ पर कुलदेवी की पूजा करने बाइक द्वारा गए थे। पूजा पाठ करने उपरांत जब दोनों मामा-भांजे बाइक द्वारा राजनगर से घर वापस लौट रहे थे तो मानियावाला बस स्टैंड से कुछ दूर पहले ही एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मामा-भांजे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां से गंभीरावस्था के चलते उदरेस सिंह को हायर सेंटर रेफर किया गया था। परिजनों के मुताबिक उसे काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जबकि अनित का उपचार स्थानीय अस्पताल में ही चल रहा है। शुक्रवार की शाम घायल उदरेस सिंह (52 वर्ष) की उपचार के दौरान मौत हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

# नहटौर में दो मकानों में चोरी

## पूर्व एनआरआई के घर से विदेशी करेंसी सहित लाखों का सामान चुराया

**नहटौर ( चिंगारी )। चोरों ने मौहल्ला नौधा स्थित बंद दो घरों से 35 हज़ार की नकदी, आभूषण सहित लाखों का सामान चोरी कर लिया। तीसरे घर में आहट होने पर चोर भाग खड़े हुए। पुलिस ने मौका मुआयना किया है।**

शनिवार को मौहल्ला नौधा पूर्वी निवासी मौ.असलम पुत्र असगर के घर का ताला लगाकर शेरकोट स्थित अपनी रिश्तेदारी में आयोजित शादी कार्यक्रम में गए थे। रात्रि में चोरों ने ताले तोड़कर सेफ अलमारी में रखे सोने के बूंदे, गले का हार, 35 हज़ार की नकदी आदि सामान चोरी कर लिया। इसके



अलावा चोरों ने इसी मोहल्ला निवासी हनीफ पुत्र तोला के बंद घर के ताले तोड़कर सामान चोरी किया। बताया जाता है कि चोरों ने मेहताब पुत्र बाबू शाह के घर में भी चोरी करने का प्रयास किया लेकिन परिजनों के जाग जाने पर कर भाग गए। इससे एक दिन पूर्व शुक्रवार/शनिवार की रात्रि में नवादा चौहान निवासी पूर्व एनआरआई एवं सिविल इंजीनियर चंद्रप्रकाश चौहान के गांव में स्थित पैतृक मकान बंद पड़े पैतृक मकान के ताले तोड़कर कमरों और सेफ अलमारी में रखें करीब 300 अमेरिकी डॉलर, इंडोनेशिया मुद्रा, गैस सिलेंडर बर्तन, चांदी व अन्य आभूषण चोरी कर ले गये। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है, जल्द ही चोरियों का खुलासा किया जाएगा।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# धामपुर के मंदिरों में तीन दिन तक रहेगी हनुमान जन्मोत्सव की धूम



**धामपुर ( चिंगारी )। नगर के विभिन्न मंदिरों और संस्थान के धार्मिक स्थलों पर श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाए जाने की तैयारी जोर-जोर से प्रारंभ हो गई है।**

### श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम

कालागढ़ मार्ग स्थित श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम के महंत राहुल अग्रवाल ने बताया कि श्री बालाजी महाराज के पावन जन्मोत्सव एवं 21 वे वार्षिकोत्सव के अवसर पर 31 मार्च से 2 अप्रैल तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 31 मार्च मंगलवार को प्रातः 9 बजे श्री हनुमत यज्ञ यज्ञाचार्य शास्त्री अर्पित शर्मा द्वारा कराया जाएगा। एक अप्रैल बुधवार को शाम 5:30 बजे से श्रीजी म्यूजिकल ग्रुप, दिल्ली के कलाकार शिवम तिलकधारी व पुष्पेंद्र चौहान द्वारा भजन संध्या में बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया जाएगा। 2 अप्रैल गुरुवार को श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल धामपुर द्वारा प्रातः 9 बजे हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा तथा 10:30 बजे 56 भोग व 11 बजे महाआरती के पश्चात भंडारा होगा।

### श्री नीब करौरी कृपा कुंज

बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज एवं श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत के तत्वावधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर 31 मार्च दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे शुभम मंडप धामपुर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। संस्था के संस्थापक सुभाष कौशिक, नीरज पवार,पंकज भटनागर व कृपा कुंज के संस्थापक रामदास जी महाराज ने संयुक्त रूप से बताया कि एक अप्रैल ,बुधवार को शाम 6 बजे से कालागढ़ मार्ग स्थित कृपा कुंज ध्यान केंद्र पर हनुमान चालीसा पाठ,भजन कीर्तन होगा और बाबा को सवा कुंटल लडडू का भोग लगाया जाएगा। 2 अप्रैल बृहस्पतिवार को प्रातः 10 बजे से बाबा को चोला चढ़ाया जाएगा और भंडारा होगा।

### बालाजी को चढ़ाया जायेगा स्वर्ण सिंदूरी चोला

**धामपुर। नगर के मुख्य बाजार स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में तीन दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के स्वामित्व महंत डॉ. अमित गिरि महाराज ने बताया कि 1 अप्रैल बुधवार को शाम 3 बजे सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा होगा। 2 अप्रैल गुरुवार को दोपहर 12 बजे श्री हनुमान जन्मोत्सव पर बालाजी को स्वर्ण सिंदूरी चोला चढ़ाया जाएगा तथा 3 अप्रैल शुक्रवार को भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। इनके अलावा मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर, बड़ी मंडी स्थित राजगढियों की धर्मशाला व मोहल्ला लोहियान स्थित अग्रवाल वैश्य धर्मशाला में भी हनुमान जन्मोत्सव को मनाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है।**

Hero
आवश्यकता है
Hero
कुशल मैकेनिक, सुपरवाइजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल नेटवर्क मैनेजर, फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# जेवर एयरपोर्ट से यूपी को मिलेगी वैश्विक उड़ान- डीएम



### बिजनौर को भी होगा बड़ा लाभ, उद्योग-व्यापार और निर्यात को मिलेगी नई पहचान

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का लोकार्पण उत्तर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित यह अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रदेश को वैश्विक कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए 'नये उत्तर प्रदेश' की उड़ान का प्रतीक बनेगा। डीएम ने बताया कि एयरपोर्ट की प्रारंभिक क्षमता लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों प्रतिवर्ष होगी, जिसे भविष्य में 7 करोड़ तक बढ़ाया जाएगा। कार्गो क्षमता भी शुरुआती 2.5 लाख टन से बढ़ाकर 15 लाख टन तक की जाएगी। एक्सप्रेस-वे, बस और मेट्रो जैसी मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, डिजियात्रा जैसी डिजिटल सुविधाएं, एमआरओ, लॉजिस्टिक्स हब, वेयरहाउसिंग तथा ग्रीन एनर्जी आधारित डिजाइन इसे अत्याधुनिक बनाएंगे। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट प्रदेश की अर्थव्यवस्था में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देते हुए विकास का नया इंजन बनेगा। कार्गो और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश के जिलों को 'लोकल से ग्लोबल' बनने का अवसर मिलेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि इसका सीधा लाभ बिजनौर को भी मिलेगा। ओडीओपी सहित जिले के प्रमुख उत्पादों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच आसान होगी, जिससे स्थानीय उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलेगी। जिले के उद्यमियों और व्यापारियों ने जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन पर खुशी जताते हुए इसे बिजनौर के औद्योगिक और पर्यटन विकास के लिए वरदान बताया। उनका कहना है कि इससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए दिल्ली पर निर्भरता कम होगी, साथ ही वैश्विक व्यापार से सीधे जुड़ाव बढ़ेगा और आयात-निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा।

# व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** नवनियुक्त थानाध्यक्ष विकास कुमार से स्थानीय व्यापारियों ने भेंट कर समस्याओं से अवगत कराया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह के नेतृत्व में स्थानीय व्यापारी बाबू कुरैशी, अंशुल शर्मा, अंकित प्रजापति, बबलू कुरैशी, भूरे खां ठेकेदार, जावेद जिया एडवोकेट आदि थानाध्यक्ष से मिले। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारियों की किसी भी तरह की समस्या है, तुरंत निवारण किया जाएगा। कस्बे में पुलिस कानून व्यस्था चुस्त-दुरुस्त की जाएगी।



किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। हर पीड़ित व्यक्ति को इंसाफ मिलेगा।

# सुशील हत्याकाण्ड के सभी 10 आरोपी बाइज्जत बरी

**बिजनौर (चिंगारी)।** चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निजेन्द्र कुमार ने प्रॉपर्टी डीलर सुशील हत्याकांड के चारों अभियुक्तों को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता के अनुसार सुशील कुमार उर्फ टोनी निवासी चांदपुर रोड, बिजनौर प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। सुशील ने अपनी नौ बीघा से अधिक जमीन का मोहल्ला खत्रीयान निवासी हसीन पुत्र नफीस अहमद, मिर्दगान निवासी वसीम पुत्र फखरुद्दीन, अतुल चौधरी पुत्र आदित्यवीर, नईमुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन, शुभम चौधरी पुत्र सतेन्द्र चौधरी और अरनव चौधरी को तीन करोड़ 90 लाख में मौखिक एग्रीमेंट किया था। सभी ने सुशील को 40 लाख रुपए एडवांस दे दिए थे। आरोप था कि यह लोग सुशील पर बिना पैसे दिए बैनामा करने का दबाव बना रहे थे। इन लोगों ने शूटर बुलाकर सेंट मैरिज चौराहे के पास 29 मई 24 को नजीबाबाद रोड पर सुशील की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को 120 बी के तहत जेल भेज दिया था। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री निजेन्द्र कुमार ने संदेह का लाभ देकर सभी अभियुक्तों को बरी कर दिया।

# गाय को 'राष्ट्रमाता' घोषित किया जाये



**चांदपुर (चिंगारी)।** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने हिन्दूवादी नेताओं एवं संतों की हत्या की घटनाओं तथा गौकशी व गौ तस्करी पर रोष जताते हुए तहसील पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि पिछले कुछ समय से देश में हिंदूवादी नेताओं एवं संतों की हत्याओं की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे समाज में रोष व्याप्त है। देशभर में बढ़ रही गौतस्करी और गौकशी की घटनाओं पर भी चिंता जताते हुए कहा कि यह गंभीर विषय है, जिस पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने मांग की कि गाय माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए तथा गौरक्षकों पर लगाए गए कथित झूठे मुकदमों को सरकार द्वारा तत्काल हटाया जाए। प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने वालों में शिवसेना के जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह, उपप्रमुख मुकेश लांबा, शोभित गुर्जर, धर्मवीर तोमर, राजीव चौधरी, बंटी, दिनेश, सुरेंद्र, राहुल त्यागी, अजय शर्मा, सुनील पंडित, संजीव, विकास सैनी, पुष्पेंद्र, भूपेंद्र, अरुण सैनी, उधम सिंह, विपिन सैनी सहित अनेक शिव सैनिक शामिल रहे।

# भारत को विकसित करने में शिक्षा की महत्ता सर्वोपरि

## वर्धमान कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन




**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर में 'विकसित भारत 2047 : उपलब्धियां, चुनौतियां एवं संभावनाएं' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ शनिवार को हुआ। सर्वप्रथम संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेके जोशी, मुख्य वक्ता प्रोफेसर प्रशांत घोष, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना, संगोष्ठी के कन्वीनर प्रोफेसर जेके विश्वकर्मा, कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार, आयोजन सचिव चारुदत्त आर्य ने मिलकर मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया।

प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने संगोष्ठी के विषय विकसित भारत 2047 के उद्देश्य और भविष्य में होने वाली संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रोफेसर सचिन महेश्वरी ने संगोष्ठी में ऑनलाइन माध्यम से अपने उद्बोधन में कहा जो विचारों के बीज बोते हैं, वही दुनिया को बदलने की हिम्मत रखते हैं। शिक्षकों और छात्रों को हर क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. जेके विश्वकर्मा ने संगोष्ठी के विभिन्न उद्देश्यों का विस्तार से वर्णन किया। संगोष्ठी की शोध पत्रिका विद्या वार्ता का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।

सहसमन्वयक प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि यूपीआई, चंद्रयान, हाईवे, मेट्रो, रेलवे, स्मार्ट सिटी इत्यादि के माध्यम से भारत का चहुंमुखी विकास हुआ है। मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पधारे प्रो. पीके घोष ने जानकारी दी कि सिंदूर ऑपरेशन में उनके द्वारा ट्रेनिंग प्राप्त कैडेट्स ने भाग लिया था। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि जब तक सभी चुनौतियों पर कार्य नहीं किया जाएगा तब तक भारत विकसित नहीं हो सकता।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेके जोशी ने भारत को विकसित करने में शिक्षा की महत्ता को सर्वोपरि बताया। संगोष्ठी के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. चारुदत्त आर्य ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में विषय विशेषज्ञ प्रो. दिनेश कुमार शर्मा ने अपने व्याख्यान में साहित्य, मीडिया और सांस्कृतिक अध्ययन विषय पर विस्तार से चर्चा की। संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यमों में 42 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। ऑफलाइन सत्र की अध्यक्षता प्रो. अमित कुमार आरएसएम कॉलेज धामपुर ने की। उपाध्यक्षता प्रोफेसर टीएन सूर्या, प्रो. शशिप्रभा ने की। ऑनलाइन तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. सुनील कुमार अग्रवाल, प्रो. अजय कुमार राणा ने की। राष्ट्रीय संगोष्ठी के को-कन्वीनर ओपी सिंह, को-कोऑर्डिनेटर करन देशवाल, को-ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. अंशु चौधरी, ट्रेजर्स डा. सुनील पवार, डॉ. अनूप कुमार गुप्ता, ज्वाइंट सेक्रेट्रीज डॉ. रेशू शर्मा, डॉ. निदा खान और संगोष्ठी के अन्य सदस्य डा.राजीव कुमार विश्नोई, अचिंत्य कुमार गुप्ता, श्री प्रशांत सिंह, डॉ. टीना अग्रवाल, डॉ. अनुराधा शर्मा रहे। संगोष्ठी के प्रथम सत्र का संचालन डा. रेशू शर्मा ने किया। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र का संचालन डा. अनुराधा शर्मा ने किया।

# बार अध्यक्ष के लिये होगा त्रिकोणीय मुकाबला

## संयुक्त सचिव के लिये शारिक ने लिया नाम वापस

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव में नाम वापसी के दिन संयुक्त सचिव प्रशासनिक पद पर मोहम्मद शारिक ने अपना नाम वापस ले लिया। चुनाव 31 मार्च को जजी परिसर स्थित बार हाल में होगा। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत के अनुसार अध्यक्ष पद पर राजेंद्र कुमार, शेर सिंह और अभय सिंह उर्फ हैप्पी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर करतार सिंह, संदीप कुमार, छतर पाल तथा इसरार उर्फ राजा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर तुषार चौधरी तथा विकास नारायण यादव, महासचिव पद पर कोमल सिंह, गुलसिताब, मनोज कुमार शेट्टी, तेज सिंह सैनी, संजीव कुमार, संयुक्त सचिव प्रशासनिक पद पर शाहबाज अहमद, मोहित कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर कविता चौधरी, शबाना तथा प्रीति चौहान, सांस्कृतिक सचिव पद पर वंदना आजाद तथा पूजा, संयुक्त सचिव लाइब्रेरियन पद पर अभिषेक अग्रवाल, नितिन कुमार तथा राजीव धीमान, वरिष्ठ गवर्निंग कौंसिल पद पर मोहमद आदिल अहमद, अजीत कुमार खन्ना, ईशाक मंसूर, हेमंत राजपूत, शमीम अख्तर, विश्वनाथ शर्मा, सतीश कुमार, अमित कुमार, कनिष्ठ गवर्निंग कौंसिल पद पर नबील अहमद, आदित्य कुमार, मोहम्मद आकाश, संगीता कुमारी, परवेंद्र सिंह, जीशान आलम, हनुमान सिंह चौहान तथा मोहम्मद काशिद चुनाव मैदान में हैं।

# डीएमसी रविता राठी मेरठ में सम्मानित



**बिजनौर (चिंगारी)।** चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ के अटल सभागार में डीएमसी बिजनौर रविता राठी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतीक चिन्ह व सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद बिजनौर में रविता राठी पिछले कई वर्षों से महिला कल्याण विभाग में डीएमसी के पद पर तैनात हैं, जो लगातार सोशल मीडिया के जरिए व गांव-गांव जाकर महिलाओं तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। उनके कार्य की लोग सराहना करते हैं। जिसका संज्ञान जनहित फाउंडेशन व चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, रेड क्रॉस सोसाइटी, सिटी हलचल के द्वारा लिया गया और उनको शनिवार को उत्कृष्ट कार्य के लिए संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। रविता राठी ने बताया कि इस सम्मान का श्रेय वह बिजनौर जनपदवासियों और अपने परिवार व सोशल मीडिया परिवार को देती हैं।

# बाबू जी मेमोरियल स्कूल का परीक्षाफल घोषित



**शेरकोट (चिंगारी)। शनिवार को बाबू जी मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस उपलक्ष में रिजल्ट कार्ड वितरण समारोह का आयोजन कर स्कूल टॉपर कक्षा 8 की छात्रा अदिति सहित सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाने पर जोर दिया। प्रधानाचार्या रजनी चौहान ने छात्र-छात्राओं की मेहनत, लगन एवं उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं है। इस अवसर पर कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गये और कक्षा 8 की छात्रा स्कूल टॉपर अदिति सहित तैमूर अली, दिया सिसौदिया, हम्माद, रिजवान, माही कुमारी, मौ. दानियाल, वर्णिका राजपूत, अलीना परवीन, आफिया, सिदरा हयात, मौ. अदनान, अबिहा अली, जिया गहलौत, हेतांश प्रजापति, हुरैन नाज, नियति सिंह, जिया रानी, नौमान, रूद्र प्रताप सिंह, अंशिका, उमामा आसिफ, सदफ सैफी, वेदांश गहलौत, मौ. रूशान, दिक्षित, अनाया, अंश कुमार, टिया गहलौत, जोया, प्रीत चौहान, देव चौहान, शिवांगी, इफरा परवीन, माहे जरनिश, रिशभ कुमार, नामरा अंसारी, मरयम खानम, पूर्णया प्रताप सिंह, काव्या, तूबा नाज, सिदरा, अंशरा , उपासना, अनाबिया, माहिरा नाज, जानवी राजपूत, अनुभव गौतम, प्रज्ञा पाल, अदीति, गरिमा, यशवी चौहान सहित अन्य मेधावियों को प्रशित-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक वकील अहमद, सबील अहमद सहित अभिभावक और स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन फैसल उस्मानी, सबिहा खान, योगेन्द्र कुमार ने किया।

# बाबू मुनकाद अली का स्वागत



**चांदपुर (चिंगारी)।** शनिवार को बसपा के राष्ट्रीय महासचिव बाबू मुनकाद अली के क्षेत्र के ग्राम कमालपुर पहुंचने पर बसपा के जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओं ने बाबू मुनकाद अली को फूलमालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बाबू मुनकाद अली ने कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत बनाने तथा अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरे जी जान से जुट जाने का आह्वान किया। बसपा जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी के साथ चेतराम सिंह, विधानसभा अध्यक्ष वीर सिंह, संजय सिंह, रोहिताश प्रजापति, लड्डुन अंसारी, आजम राजपूत, मोनिस, मौ. साजिद आदि मौजूद रहे।

# द हेजलमून स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

**चांदपुर (चिंगारी)।** द हेज़लमून स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी का धूमधाम से आयोजन किया, जिसमें कक्षा एल.के.जी. के सभी छात्रों




को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्हें ग्रेजुएशन रोब पहनाया गया, जिसे पहनकर सभी बहुत गर्व और हर्ष का अनुभव कर रहे थे। इसी के साथ बालवाटिका के अन्य कक्षाओं का रिजल्ट घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त कक्षाओं के उन अनुशासित और नियमित उपस्थिति वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया, जिनकी उपस्थिति 98 प्रतिशत से अधिक थी। यह महोत्सव उन अभिभावकों के लिए भी सम्मानजनक था, जिन्होंने इस सत्र में प्रत्येक पैरेंटस टीचर मीटिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज की है और अपने एक सच्चे और अच्छे अभिभावक होने का प्रमाण प्रस्तुत किया है। उन अभिभावकों को एक अच्छे अभिभावक होने का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने सभी बच्चों और अभिभावकों के अथक प्रयास की सराहना की। विद्यालय निदेशिका शक्ति अनिरुद्ध मित्तल एवं चेयरमैन अनिरुद्ध मित्तल ने सभी को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जेई द्वारा रिश्वत मांगने पर धरना दिया

## अधिकारियों के आश्वासन पर माने किसान



**बिजनौर (चिंगारी)।** बुखारा 9 नंबर बिजलीघर पर बिजली विभाग के खिलाफ चल रहा भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का धरना शनिवार को समाप्त हो गया। अधिकारियों द्वारा समस्याओं के समाधान और भविष्य में किसानों से रिश्वत न लेने के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना स्थगित करने की घोषणा की। बताया गया कि न्यू कॉलोनी निवासी किसान सतपाल सिंह से बिजली का खंभा हटाने के नाम पर जेई द्वारा 20 हजार रुपये मांगे गये। इससे नाराज भाकियू कार्यकर्ताओं ने बुखारा बिजलीघर पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। शनिवार को अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई मौके पर पहुंचे और भाकियू जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान से वार्ता की। अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने, भविष्य में किसी भी किसान से रिश्वत न मांगने और उत्पीड़न न करने का भरोसा दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने धरना स्थगित करने की घोषणा की। इस दौरान अरुण चौधरी, कोमन सिंह, रजनी अहलावत, दीपक तोमर, नीतू चौधरी, दिनेश कुमार, सतपाल सिंह, मोनू प्रधान सहित कई किसान मौजूद रहे।

# गुंडा एक्ट पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 9 आरोपी जिला बदर

**नैनीताल ( चिंगारी )।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सख्त बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने एक अहम कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के तहत बड़ी कार्रवाई की है। जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल ललित मोहन रयाल ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए 9 आरोपियों को 'गुंडा' घोषित करते हुए 6 माह के लिए जनपद की सीमा से बाहर (जिला बदर) करने का आदेश जारी किया है।

प्रशासनिक आदेश के अनुसार जिन आरोपियों को जिला बदर किया गया है, उनमें राहुल पुत्र रमेश (बंबाघेर, थाना रामनगर) : जुआ अधिनियम के 7 व गैंगस्टर एक्ट का 1 मुकदमा, संजय आर्य पुत्र रमेश चंद्र (बागजाला, थाना काठगोदाम) : आबकारी, एनडीपीएस व आईपीसी के 13 मुकदमे, अनुज राज सिंह पुत्र रमेश सिंह (चोरपानी, थाना रामनगर): आईपीसी के 4 व शस्त्र अधिनियम का 1 मुकदमा, शाहिद पुत्र मोहम्मद रफी (खताड़ी, रामनगर) : आईपीसी के 4 मुकदमे, कौशल चिलवाल पुत्र राजेंद्र चिलवाल (इंदिरा कॉलोनी, रामनगर) : आईपीसी के 5 मुकदमे, सलमान पुत्र रईस अहमद (थाना बनभूलपुरा) : आर्म्स एक्ट, आईपीसी व एनडीपीएस के विभिन्न मुकदमे, मोहसिन पुत्र नासिर (पप्पू का बगीचा, बनभूलपुरा) : एनडीपीएस के कई मुकदमे, शादाब पुत्र सज्जाद (थाना बनभूलपुरा) : आर्म्स एक्ट व आईपीसी के 7 मुकदमे, प्रदीप सागर अमन पुत्र


ललित मोहन रयाल

पूरनचंद सागर (लामाचौड़, थाना मुखानी) : एनडीपीएस, आबकारी व आईपीसी के 9 मुकदमे शामिल हैं। प्रशासन के अनुसार इन सभी व्यक्तियों का आपराधिक इतिहास गंभीर है और इनकी गतिविधियां क्षेत्र में भय एवं असुरक्षा का माहौल पैदा कर रही थीं। इसी आधार पर इन्हें 6 महीने के लिए जनपद नैनीताल की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया है कि अपराध और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी। वहीं, जिन लोगों के व्यवहार में सुधार देखा जाएगा, उन्हें कानून के दायरे में राहत भी दी जाएगी।

## एपस्टीन फाइल के दरिंदों को कुदरत देगी सजा - काज़ी

### ट्रम्प का अंजाम भी हिटलर जैसा होगा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्रहमान ने कहा कि एपस्टीन फाइल में जिन दरिंदों के नाम शामिल हैं उन्हें कुदरत भयानक सज़ा देगी। उन्होंने कहा कि एपस्टीन फाइल से जुड़े लोगों ने दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी हैं। इन्होंने मानवता के विरूद्ध ऐसे अपराध किए हैं, जिन्हें ना दुनिया माफ़ कर सकती है ना कुदरत इन्हें छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा ईरान पर बिना कारण युद्ध थोपना एपस्टीन फाइल के रिलीज़ होने से ध्यान भटकाना है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पागलपन की वजह से अमेरिका और समूचे विश्व को तबाही की आग के झोंक दिया है। इस युद्ध की भयावहता के कारण पूरे विश्व में हाहाकार मच गया है तथा शांति भंग हो गई है। डोनाल्ड ट्रम्प में अपने आप को हिटलर द्वितीय साबित किया है और समूचे विश्व में नरसंहार करने पर तुले हैं। डोनाल्ड ट्रम्प का अंजाम भी हिटलर जैसा ही होगा। ज्यादा सनक आत्महत्या के लिए प्रेरित कर देती है। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान खुद अफ़ग़ानिस्तान के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। उसकी औकात नहीं कि अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता करे।

## दमयंती देवी संस्थान ने शिविर लगाया, 45 रोगियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया



शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए समाजसेवी महेंद्र सर्राफ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 206वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 'योग करो हंसमुख रहो' संस्था द्वारा केदारनाथ धर्मशाला निकट फल चौराहा धामपुर में आयोजित किया गया। शिविर में 45 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं तीन-तीन दिन की दवाइयां वितरित की गई। शनिवार की शाम शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी नागरिक महेंद्र अग्रवाल सर्राफ, पीयूष अग्रवाल, संजय अग्रवाल मुनिया, पंकज अग्रवाल, विजय वर्मा, सतीश वर्मा आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में डॉ. आदित्य अग्रवाल सर्जन ने 45 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को 3-3 दिन की दवाइयां भी नि:शुल्क वितरण की गई।

शिविर में 'पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश और शहर' अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किए गए। शिविर को सफल बनाने मे गौरव सिंह, बृजपाल आर्य, साहिल, अखिलेश, पंकज, गौरव, हिमांशु, कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ व आनंद आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कृष्णा रही स्कूल टॉपर

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व भारती पब्लिक स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किये गये, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा नर्सरी में हुमरा परवीन, एलजी की अनुषा, कक्षा यूकेजी की शिविका, कक्षा एक की खुफिया, कक्षा 2 की इफरा, कक्षा 3 में मुस्कान, कक्षा 4 में इलमा, कक्षा 5 में जोया, कक्षा 6 में आयशा, कक्षा 7 में अलीशा, कक्षा 8 में कृष्णा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीन की मुस्कान एवं कक्षा 8 की कृष्णा ने शत-प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में टॉप किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी शिक्षक मंतशा, रुबीना, फोजिया, कृति, पूनम, अलीशा, नकुल कुमार, साहिब, नाबिला, संध्या, अलीशा सुमबुल, आयशा, सचिन आदि का सहयोग रहा।

## वकीलों की आन, बान, शान पर आंच नहीं आने दूंगा - राजेन्द्र



**चंदक ( चिंगारी )।** जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजेंद्र चौधरी ने वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि वह वकीलों की आन, बान और शान पर आंच नहीं आने देंगे। वे अधिवक्ता कल्याण समिति मंडावर द्वारा चंदक में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने वकीलों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल में वकीलों के लिए लड़ी गई लड़ाईयों को भी बताया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष यशपाल सिंह, महासचिव पद के प्रत्याशी गुलसिताब व अन्य प्रत्याशी भी उपस्थित रहे। पुष्पेंद्र उर्फ मोनू ढाका, मोहित अधाना, मुस्तकीम अहमद, हर्ष शर्मा, नीपू एड. आदि समिति के वकील उपस्थित रहे।

## कब आओगे बालाजी महाराज लगन लगी है दर्शन की

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्योहारा चुंगी स्थित महेंद्र वर्मा के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। 'कब आओगे बालाजी महाराज लगन लगी है दर्शन की' यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजा का उत्साह वर्धन किया। उसके बाद संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में महेंद्र वर्मा, ममता वर्मा, मोहित वर्मा, शेफाली वर्मा, आशीष वर्मा, इशिका वर्मा, देव वर्मा आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, सुनील चौहान, सत्येंद्र भारद्वाज, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## स्कूल में साक्षरता शिविर का आयोजन किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** बच्चों के लिए 'बाल-मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाएं' विषय पर एक साक्षरता शिविर का आयोजन क्षत्रिय नगर स्थित विश्व भारती पब्लिक स्कूल में किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली कानूनी सेवाओं की जानकारी देते हुए प्राविधिक स्वयं सेवक जयवीर सिंह सिसोदिया ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों, विकलांग को कानूनी, मनोवैज्ञानिक व सामाजिक सहायता विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क दी जाती है। बच्चा चाहे पीड़ित हो या आरोपी हो। सहायता रुप में मुफ्त वकील, बाल कल्याण समिति (CWC) किशोर न्याय बोर्ड (J.S.S.) विशेष शेल्टर होम शामिल है, जो बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा व पुर्नवास के लिए कार्य करते है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोल फ्री न. 1098, 15100 पर कॉल करके / ई- मेल द्वारा की जा सकती है। शिविर में पी.एल.वी. राजीव कुमार संजीव कुमार, अक्षय भाटिया, शाहिदा, अलीबाग, पूनम, कृति गुप्ता नकुल चौहान आदि शामिल रहे।


बच्चों को जानकारी देते हुए जयवीर सिंह सिसौदिया।

# गन्ना समिति की एजीएम में छाया खाद चोरी का मुद्दा





**बिजनौर ( चिंगारी )।** सहकारी गन्ना समिति बिजनौर की सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बीते वर्ष 2025 26 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। गन्ना समिति बिजनौर के खाद गोदाम ग्राम चंदूपुरा थाना कोतवाली देहात और मंडावर खाद गोदाम में डीएपी खाद के कट्टो की चोरी का मामला मीटिंग में छाया रहा। चंदुपुरा खाद गोदाम से 400 से ज्यादा कट्टे चोरी बताए गए और मंडावर खाद गोदाम से 78 कट्टे डीएपी खाद के चोरी बताए गए हैं। देखने की बात यह है कि समय पर किसानों को खाद नहीं दिया जाता और समितियां से खाद की चोरी दिखाई कर गन्ना समिति को कई लाख का नुकसान दे दिया जाता है। उपस्थित किसानों का कहना है कि किसानों को खाद नही नहीं दिया गया और चोरी से डीएपी खाद के 500 कट्टों को बेचकर समिति को 6 लाख से भी ज्यादा का नुकसान दे दिया गया, जिसकी वजह से किसानों ने इधर-उधर से प्राइवेट दुकानों से खाद लेकर अपनी फसल में डाला। चंदुपुरा गोदाम पर सुपरवाइजर नीटू सिंह और मंडावर खाद गोदाम पर सुपरवाइजर इरफान और बरकातपुर मिल के ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक संजीव कुमार की ड्यूटी थी। किसानों का आरोप है कि इन्होंने डीएपी खाद को बेचकर चोरी का नाटक किया है। गन्ना समिति बिजनौर के डायरेक्टर और डेलीगेटों ने मांग रखी है कि चोरी को जल्दी से जल्दी खोला जाए, नहीं तो इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर गन्ना विकास समिति बिजनौर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ कालू, उपाध्यक्ष आदेश कुमार चौधरी, ब्रह्मपाल सिंह, चरण सिंह, अजब सिंह, निपेंद्र सिंह राठी, उदयवीर सिंह, पृसून एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर महकार सिंह, युवराज सिंह, अमित कुमार, बलजीत सिंह शास्त्री, प्रेम सिंह, ओम सिंह, जितेंद्र सिंह, अंकुश कुमार, वेदपाल सिंह आदि डायरेक्टर और डेलीगेट तथा सैकड़ों किसानों ने मीटिंग में भाग लिया। अध्यक्षता डायरेक्टर चौधरी ब्रह्मपाल सिंह और संचालन गन्ना सचिव गन्ना समिति बिजनौर सुभाष राम और बलजीत सिंह शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया।

# जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जेल का निरीक्षण



बिजनौर (चिंगारी) । जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मा. जिला न्यायाधीश के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ जिला कारागार बिजनौर का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की सुविधाओं और स्वच्छता का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। संयुक्त निरीक्षण में अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा, बंदियों के स्वास्थ्य, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की। जेल प्रशासन को निर्देश दिये गये कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान महिला व पुरुष बंदियों की बैरकों और अस्पताल का सघन निरीक्षण किया गया। मेस में भोजन की गुणवत्ता और जेल परिसर की स्वच्छता का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि बंदियों को सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। अंत में अधिकारियों ने जेल प्रशासन से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और उन्हें शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# स्कूल का रिज़ल्ट रहा शत-प्रतिशत

**नूरपुर ( चिंगारी )।** मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक परीक्षाफ़ल शत-प्रतिशत रहा। शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा एवं उप प्रधानाचार्य गौरव गोयल द्वारा संयुक्त रूप से परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के सभी छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय के संस्थापक एवं चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता द्वारा शील्ड प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में मण्डल में प्रथम स्थान पाने वाली बालिका पलक देवरा को भी प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. प्राज्ञ गोयल ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी बेहतर परिणाम देता रहेगा।



# मिलेनियम स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजीबाबाद रोड कोतवाली देहात में कक्षा नर्सरी से कक्षा 11वीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। नर्सरी से कक्षा 11वीं परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। यूकेजी के छात्र मोहम्मद अयान ने 100 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर का ख़िताब अपने नाम किया।विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह ने छात्रों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए छात्रों एवं उनके अभिभावक को आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सतेंद्र कुमार,मंतोष सिंह का विशेष योगदान रहा।सभी मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय शील्ड, मेडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय में आये हुए सभी अभिभावको का प्रधानाचार्य ने आभार व्यक्त किया।



# सरस्वती विद्या मंदिर कालेज का परीक्षाफल घोषित



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज चांदपुर में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। प्राइमरी विंग का परिणाम 99.35 प्रतिशत तथा सीनियर विंग का परीक्षा परिणाम 90.24 प्रतिशत रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उपप्रधानाचार्य रवेंद्र कुमार ने विद्यालय परीक्षा का परिणाम घोषित किया। कक्षा तृतीय से कक्षा 5तक में मोहम्मद ईशान ने फर्स्ट पोजीशन प्राप्त की, सीनियर विंग में कक्षा 6 से 8 में ओवरऑल टॉपर अवनी राजपूत, कक्षा 9 व 11 में अक्षरा भाटिया ने विद्यालय टॉप किया एवं सीनियर विंग में भी टॉप किया। वर्ष भर 100 प्रतिशत उपस्थित का पुरस्कार मेधाश्वी सिंह तथा आनंदी चंद्रा तथा आचार्यों में वैशाली व आचार्य रवेंद्र कुमार तथा आचार्यों की संस्कृति ज्ञान परीक्षा में पारुल त्यागी,पूजा राजपूत, अर्चना वर्मा, ईशा शर्मा , बेस्ट रजिस्टर के श्रीमती अर्चना वर्मा व बेस्ट टीचर्स डायरी के लिए गुंजन,पूजा राजपूत, विमल आदि को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल कुमार (प्रबंधक-सी वी रमन इंटर कॉलेज चांदपुर), कृष्ण कुमार, सचिन अहलावत,पंकज वैश्य प्रबंधक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चांदपुर, उप प्रबंधक पंकज चौहान एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया गोल्डन बेल्स स्कूल का वार्षिकोत्सव




अथिति को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक

**स्योहारा (चिंगारी)।** गोल्डन बेल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपना वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि संजय सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक स्योहारा, स्कूल निदेशक गुरविंदर सिंह, तवलीन कौर, प्राचार्य शेखर सिंह और हरिओम गुर्जर मौजूद रहे। एसएचओ की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रतिष्ठा दी, उन्होंने विद्यालय द्वारा युवाओं की प्रतिभा को निखारने के प्रयासों की सराहना की और छात्रों के अद्भुत प्रदर्शन की प्रशंसा की। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण

## टॉपर्स को किया सम्मानित

शैक्षणिक उन्नति करने वाले छात्रों का सम्मान था। कुल टॉपर्स मनफतेह सिंह, निहारिका, कियान चौहान, लक्षित चौहान को सम्मानित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी उनके नवोन्मेषपूर्ण विचारों और सराहनीय प्रयासों के लिए पदक और प्रमाण-पत्र दिए गए। रैंक होल्डर्स का भी सम्मान किया गया और रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए, जिससे शैक्षणिक उत्कृष्टता का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन सीमा मैम और अर्शी मैम ने किया, जिनकी आकर्षक प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। शिक्षकों ने भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई अनुशासन बनाए रखने और कार्यक्रम के सहज संचालन में। इस मौके पर गौरव कुमार, विनीत, मयंक, ओम, अज़ीम, अनुज, ज्योति, आकांक्षा, अनम, छवि, पारुल, शिखा आदि मौजूद रहे।




मेधावियों को सम्मानित करते अतिथि

# क्रिकेट टूर्नामेंट में रहमान कॉलेज की टीम जीती

**सहसपुर (चिंगारी)।** एम रहमान इंटर कॉलेज नाले वाले मैदान पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल एम रहमान इंटर कॉलेज और नसीरपुर के बीच हुआ। नसीरपुर ने टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी का फैसला किया। एम रहमान बॉलिंग अटैक के सामने नसीरपुर की टीम लड़खड़ाती नज़र आई। नसीरपुर की टीम 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 81 रन बना सकी। एम रहमान की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान सनी ने 38 रन शादाब उर्फ कल्लू ने 40 रन की शानदार पारी खेली। सहसपुर की और से राजा क्रिकेटर 3 ओवर में मात्र 16 रन देकर 4 सफलता प्राप्त कर मैन ऑफ द मैच अपने नाम किया और बेस्ट बॉलर का अवॉर्ड भी राजा क्रिकेटर को दिया गया। सलीम अख्तर ने बहुत ही ज़िम्मेदारी से इस टूर्नामेंट को कराया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता फहीम चेयरमैन, सभासद जफरुद्दीन अजमी, भाजपा नेता फ़राज़ अहमद, क्वालिटी स्वीट वकील अहमद ने दोनों टीमों को पुरस्कार दिए। इस मौके पर लिपिक नगर पंचायत रिज़वान मशकूर, ज़ाकिर मेंबर, बब्बू मदनी, अरीब अतहर, इरफान अहमद मेवानवादा, अज़रु अंसारी, शाहनवाज, आसिफ दीवानजी, ज़की चौधरी आदि मौजूद रहे।



# शाबाश आलिया! तुमने कमाल किया

**स्योहारा (चिंगारी)।** मैरी एंड जीसस कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा आलिया फातिमा ने पूरे स्कूल में शीर्ष स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आलिया की उपलब्धियां यहीं तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने पूरे सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करते हुए अटेंडेंस अवार्ड भी अपने नाम किया। विशेष बात यह है कि आलिया को लगातार 10 वर्षों तक बिना एक भी दिन अनुपस्थित रहे स्कूल आने के लिए भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। आलिया फातिमा अपने स्कूल की ऐसी पहली छात्रा बन गई है, जिन्होंने अपने पूरे शैक्षिक जीवन में न केवल हर कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखा, बल्कि एक भी दिन स्कूल मिस किए बिना अनुशासन और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश की। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने आलिया फातिमा की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया है। वहीं, अभिभावकों में भी खुशी और गर्व का माहौल है। आलिया की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि लगन, अनुशासन और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।



# बिना मण्डी शुल्क के जा रही लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** कृषि उत्पादन मण्डी समिति नजीबाबाद के सचल दल द्वारा चैकिंग में ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जांच की गई। जांच में ट्रॉली में 67.65 कुंतल शीशम की लकड़ी लदी मिली, जिसका मंडी शुल्क दिए बिना परिवहन किया जा रहा था। मंडी सचिव सचिन शर्मा व सचल दल प्रभारी कुमारी खुशनुमा व शिव शंकर यादव ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन पर 15,623 रूपए का जुमार्ना वसूला। इस सख्त कार्रवाई से मंडी क्षेत्र में अवैध माल ढुलाई करने वालों में हड़कंप मच गया।

# युवक को लोहे की रॉड मारकर घायल करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर के समीप शराब की दुकान पर काशीरामपुर निवासी भोलू पुत्र कर्मवीर व भागूवाला निवासी बंटी पुत्र हेमराज दोनों की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिस पर भोलू ने बाइक पर बैठे बंटी के ऊपर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया है। भोलू घायल अवस्था बंटी को छोड़कर भाग गया। इसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वायरल विडियो थाना प्रभारी ने किसी अन्य घटना की बताई। इस वीडियो का पुलिस अधिकारियों के संज्ञान लेने के बाद मंडावली पुलिस तुरंत हरकत में आई। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि घायल बंटी को उसके परिजन समीपुर अस्पताल ले गए थे, जहां से उसे बिजनौर रैफर कर दिया गया था। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, आवयश्क कार्रवाई की जा रही है।

# मेधावियों को सम्मानित किया




## गर्ल्स इंटर कॉलेज सहसपुर का परीक्षा परिणाम घोषित

**सहसपुर (चिंगारी)।** एचएम गर्ल्स इंटर कॉलेज सहसपुर में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि श्री गज़नफरुल्ला उर्फ गज़नी उत्तर प्रदेश रेलवे और बिजनौर टाइम्स ग्रुप पत्रकार डॉ. सकलैन हैदर, प्रबन्धक आफताब आलम द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मोहम्मद तहसीन के द्वारा छात्र-छात्राओं की हौसला अफज़ाई करते हुए की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि गज़नफरुल्ला ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने की नसीहत दी। प्रधानाचार्या सितारा परवीन ने कहा कि वो बच्चों के प्रदर्शन से बेहद खुश हैं। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की। ज़ोया खातून ने जूनियर में और अनम मालिक ने सीनियर कक्षाओं में प्रथम स्थान पाकर अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया। इसी क्रम में अफ़ीफा पुत्री मसरूर अहमद, फहद, सुमेर, जुनैरा, तूबा, अदिना, निदा आयशा, ज़ैद पुत्र अनीस अहमद, ज़ैद पुत्र दिलशाद, शारिक, आयशा, सहर, सानिया, जुहैब, आमिर, विवेक, आयशा, इरम, अल शिफा, रोशनी, आयशा ने अपनी कक्षाओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# संकीर्तन में भाव-विभोर हुये श्रद्धालु




बिजनौर ( चिंगारी )। धर्मनगरी महानाम यज्ञ संकीर्तन समिति की ओर से आयोजित अखंड महानाम संकीर्तन शनिवार को भी जारी रहा। कीर्तन मंडली के सदस्यों ने गायन कर श्रीकृष्ण के प्रति अपना भाव प्रकट किया। साथ ही हरे कृष्णा हरे राम का जाप किया।

धर्मनगरी में 26 मार्च को संकीर्तन शुरू हुआ था, जिसका आज समापन होगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड, बिजनौर की पांच मंडली संकीर्तन कर रही हैं। निंबार्क संप्रदाय, गोपाल संप्रदाय, हरि संप्रदाय, मिलन संप्रदाय, मानवमुक्ति संप्रदाय मंडली ने दो-दो घंटे के हिसाब से कृष्णा का गुणगान किया। कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु भक्तिभाव नजर आए। संकीर्तन में श्रद्धालु हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे का जाप करते रहे।

## आतिफ अली ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर में स्थित पब्लिक मांटेसरी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा एक के आतिफ अली ने 960 में से 929 अंक अर्थात 96.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन द्वारा आतिफ अली को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आतिफ अली नगर के मौहल्ला सेवाराम निवासी अजमत अली के पुत्र व शिक्षक आमिर अली का भतीजा है। आतिफ अली के चाचा आमिर अली ने बताया कि आतिफ अली का ज्यादातर समय पढ़ाई में बीतता है। वही आतिफ अली की इस कामयाबी से परिवार में खुशी का माहौल है।



प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आतिफ को सम्मानित करते बीईओ।

## फिलमोन ने इतनी लम्बी छलांग लगाई, नेशनल मीट के लिये किया क्वालिफाई



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सेंट मेरीस इंटर कॉलेज मंडावली के छात्र फिलमोन ने युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित उत्तर प्रदेश स्टेट एथलेटिक्स मीट में लंबी कूद में 6.51 मीटर की छलांग लगाकर पूरे उत्तर राज्य में पहला स्थान प्राप्त कर नेशनल मीट के लिए क्वालीफाई किया। विद्यालय के स्पोर्ट्स शिक्षक मुकुल राठी के कुशल निर्देशन में फिलमोन ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। फिलमोन सेंट मैरिस इंटर कॉलेज में कक्षा 8 का छात्र है। उसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबन्धक फादर जोंस आलूकल, प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी, शिक्षक आलोक त्यागी, पंकज सिंह, द्विजेन्द्र त्यागी, शैलेश कुमार, शिवओम राजपूत, महेश कुमार, रविकांत वर्मा, गजे सिंह आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

## मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत, आरोपी गिरफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। मारपीट के मामले में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने उक्त मामले में दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। नजीबाबाद के ग्राम हुसैनपुर में आपसी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई थी, जिसमें घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। टीकम पुत्र रामपाल ने नजीबाबाद थाने में तहरीर दी कि धर्मवीर पुत्र लेखासिंह व उसके पुत्र मोनू व मोहित निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना नजीबाबाद ने उसे व उसके पिता के साथ गाली-गलौच व लाठी-डंडो से मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया। रामपाल की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उक्त दोनो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। धर्मवीर को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

## सन शाइन पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल घोषित



वार्षिक परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले सम्मानित किये गये बच्चे।

नजीबाबाद (चिंगारी)। सन शाइन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय को विशेष रूप से सजाया गया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने कक्षा में रैंक प्राप्त विद्यार्थियों को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह उपहार बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धि का प्रतीक रहे। कक्षा नर्सरी से लेकर आठवीं, ग्यारहवीं तक में रैंक प्राप्तकर्ता छात्र-छात्राएं अनायना, दक्ष, उज्वल, सृष्टि, इशांत, ख्याति, दैविक, अपूर्व, अभिनव, नैना, आयुष, अक्षित, अधर्व, गविशा, अरहम, अनवि, भूमिका, पूर्वी, इशू, शीनू, तनिष्क, फीहा, दिव्या, त्रिशा, सुनैना, उवेश, आदर्श, फरहान, निक्की, प्रगति, आभाष, आदित्य, रीत, कशिश, तानिया, नैतिक, काजल, आकाश क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपने प्रेरणादायक विचारों से प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, समर्पण व निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है। सभी बच्चे बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करके उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होते रहे। उन्होंने आने वाले समय में विद्यालय को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए आश्वस्त किया। समस्त स्टॉफ ने भी बच्चों को उनकी उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पुलिस ने गौकशी के आरोपियों को उपकरण व शस्त्रों के साथ किया गिरफ्तार

नजीबाबाद ( चिंगारी )। पुलिस ने गौकशी के मामले में आरोपियों की निशानदेही पर पशु वध करने के उपकरण, अवैध शस्त्र व घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद की। नजीबाबाद पुलिस ने गोवंशीय अवशेष मिलने के मामले में आमिर पुत्र कालू निवासी अकबराबाद, थाना कोतवाली देहात, शहजाद उर्फ यूसुफ निवासी मौहल्ला कलालान नगीना गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ व मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने शनिवार को जाफराबाद के जंगल में एक बाइक पर सवार दो लोगो को रुकने के लिये कहा, तो वह भागने लगे, पुलिस ने पीछा किया तो जान से मारने की नीयत से आरोपियों ने फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में चलाई गई गोली से मुठभेड़ में नईम उर्फ गुज्जू कुरैशी पुत्र रशीद के दाहिने पैर में गोली लगी, घायल अवस्था में आरोपी को हिरासत में लिया गया। दूसरा आरोपी हसीन उर्फ चुग्गा पुत्र कालू निवासी कोटकादर को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के कब्जे से अवैध 315 बोर तमंचे, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस 315 बोर, पशु कटान के उपकरण व सप्लेंडर बाइक बरामद की गई। पूछताछ में आमिर, शहजाद उर्फ युसुफ ने बताया कि वह अपने साथियों नईम, हसीन उर्फ चुग्गा के साथ मिलकर आवारा गौवंशीय पशुओं को काटकर उनके मांस को कट्टों व पन्नियों में भरकर बेचते हैं।

## एक अप्रैल को शिक्षक-कर्मचारी मनाएंगे काला दिवस- चंद्रहास

### एक अप्रैल 2005 को ही की गई थी पुरानी पेंशन बंद



बिजनौर (चिंगारी)। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आगामी एक अप्रैल को प्रांतीय आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में काला दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला संरक्षक अतुल कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता एवं ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एक अप्रैल 2005 को सरकार द्वारा प्रदेश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों से पुरानी पेंशन को छीनने का कार्य किया गया था। संगठन लंबे समय से एक अप्रैल को काला दिवस के रूप मे अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज करने का कार्य कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं।एक अप्रैल को सभी शिक्षक एवं कर्मचारी काला फीता बांधकर कार्य करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा दृढ़संकल्पित है आगामी एक अप्रैल को सभी शिक्षक एवं कर्मचारी अपना विरोध दर्ज करेंगे। अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत ने आगामी एक अप्रैल को होने वाले विरोध प्रदर्शन को सफल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बालेश कुमार योगेश कुमार आत्माराम धीरेंद्र तिवारी हारून अजय कुमार आदि ने संबोधित किया।



# सहजन

## पेड़ नहीं, डॉक्टर की फार्मेसी है

## न्यूट्रीशन का खजाना, बीपी, डायबिटीज से लेकर कैंसर की ग्रोथ को रोकने में मददगार

सहजन, सेंजन, ड्रमस्टिक्स, मोरिंगा, मुनगा। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है। नाम कोई भी हो, इसके गुण हर जगह एक जैसे हैं। सहजन मानो सिर्फ एक पेड़ नहीं, मनुष्य को दिया प्रकृति का वरदान है। कोई ऐसा दूसरा पेड़ नहीं, जिसकी जड़ से लेकर पत्ती, फल, ठंडल और यहां तक कि फूल भी इतने सारे न्यूट्रीशन से भरपूर हों। ये डॉक्टर की फार्मेसी है। इसीलिए लोग सहजन को सुपरफूड कहते हैं। न्यूट्रीशन साइंटिस्ट्स का मानना है कि सहजन छोटी-बड़ी 300 से ज्यादा बीमारियों में फायदेमंद है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, सोडियम, पोटेशियम जैसे ढेरों न्यूट्रिएंट्स होते हैं। सहजन में मल्टीविटामिन्स और कई एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं। सहजन खाने से डायबिटीज, हाइपरटेंशन जैसी लाइफ स्टाइल बीमारियां दूर रहती हैं। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं और स्किन हेल्थ भी सुधरती है।

### कमाल है सहजन की न्यूट्रीशनल वैल्यू



(100 ग्राम सहजन की फलियां)

| | |
|---|---|
| प्रोटीन | 2.1 g |
| फैट | 0.2 g |
| कार्बोहाइड्रेट | 8.53 g |
| फाइबर | 3.2 g |
| कैल्शियम | 30 mg |
| आयरन | 0.36 mg |
| मैग्नीशियम | 45 mg |
| फॉस्फोरस | 50 mg |
| पोटेशियम | 461 mg |
| सोडियम | 42 mg |
| जिंक | 0.45 mg |
| कॉपर | 0.084 mg |
| मैंगनीज | 0.259 mg |
| सेलेनियम | 0.7 µg |
| विटामिन C | 141 mg |
| थायमिन (विटामिन B1) | 0.053 mg |
| राइबोफ्लाविन (विटामिन B2) | 0.074 mg |
| विटामिन B6 | 0.12 mg |
| फोलेट | 44 µg |
| विटामिन A | 4 µg |

"सहजन की पत्तियों, फलियों, जड़, तने और छाल, हर हिस्से में चमत्कारी गुण होते हैं। अपने एनेल्जेसिक (दर्दनिवारक) गुणों के कारण इसका इस्तेमाल बतौर पेनकिलर भी होता है। विटामिन A से भरपूर होने के कारण यह आंखों के लिए फायदेमंद है। कैल्शियम के कारण हड्डियों के लिए अच्छा है।"

1 **बोन हेल्थ सुधरती है:-** सहजन तीन जरूरी मिनरल्स कैल्शियम, आयरन और फॉस्फोरस का जबरदस्त सोर्स है। अगर बच्चों की डाइट में सहजन को शामिल किया जाए तो उनकी ग्रोथ और डवलपमेंट में मदद मिलती है। इसके अलावा इससे हड्डियों की डेंसिटी बढ़ती है यानी हड्डियां मोटी और मजबूत होती हैं। इससे बुढ़ापे में ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम हो जाता है।

2 **इम्यून सिस्टम मजबूत होता है:-** सहजन विटामिन C और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर है। अगर इसे भोजन में शामिल किया जाए तो इम्यूनिटी मजबूत होती है। सामान्य सर्दी, जुकाम जैसे इन्फेक्शन जल्दी नहीं होते। इससे अस्थमा, कफ या किसी तरह के श्वसन संबंधी इन्फेक्शन से लड़ने में भी मदद मिलती है।

3 **गट हेल्थ सुधरती है:-** सहजन में थायमिन (विटामिन B 1), राइबोफ्लेविन (विटामिन B 2), नियासिन और विटामिन B 12 जैसे जरूरी विटामिन होते हैं, जो पाचक रस के स्राव को उत्तेजित करने में मदद करते हैं। इससे कार्ब्स, प्रोटीन और फैट को ब्रेक करके उसे डायजेस्टेबल फॉर्म में बदलने में मदद मिलती है। फाइबर से भरपूर होने के कारण यह गट माइक्रोबायोम्स के लिए अच्छा है। इसे खाने से पेट साफ रहता है।

4 **ब्लड सर्कुलेशन सुधरता है:-** सहजन में बायोएक्टिव कंपाउंड्स नियाजिमिनिन और आइसोथियोसाइनेट पाए जाते हैं। इससे आर्टरीज स्वस्थ बनी रहती हैं और हाइपरटेंशन होने की आशंका कम हो जाती है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होने के कारण ब्लड सर्कुलेशन अच्छा बना रहता है।

5 **किडनी के लिए है फायदेमंद:-** सहजन में भरपूर मात्रा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स किडनी से विषाक्त पदार्थों को साफ करने में मदद करते हैं। अगर भोजन में नियमित रूप से सहजन शामिल किया जाए तो किडनी और मूत्राशय की पथरी के इलाज में मदद मिलती है। सहजन के सेवन से किडनी की ओवरऑल हेल्थ भी सुधरती है।

6 **कैंसर का रिस्क कम हो जाता है:-** भोजन में नियमित रूप से सहजन को शामिल करने से भरपूर एंटीऑक्सीडेंट मिलते हैं। विटामिन, विटामिन C, बीटा-कैरोटीन और नियाजिमिसिन की प्रचुर मात्रा कैंसर कोशिकाओं को पनपने से रोकती है। ये एंटीऑक्सीडेंट्स फ्री रेडिकल्स कम करके सेल्स को ऑक्सिडेटिव डैमेज से बचाते हैं।

7 **लिवर हेल्थ के लिए अच्छा है सहजन:-** लिवर हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण ऑर्गन है। यह हमारे शरीर के छोटे-बड़े 500 काम करता है, इनमें सबसे खास है शरीर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालना। लिवर के इस काम में सहजन बेहद मददगार साबित होता है। सहजन ग्लूटाथायोन के प्रोडक्शन में मदद करता है। इसके अलावा लिवर को तमाम दवाइयों से होने वाली संभावित क्षति से भी बचाता है। यह लिवर के लिए सेफ्टी शील्ड की तरह काम करता है।

### सेहत के लिए कितना फायदेमंद है सहजन

○ सहजन में पॉवरफुल एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। ये कंपाउंड्स बॉडी से फ्री रेडिकल्स को खत्म करते हैं। ○ अगर शरीर में फ्री रेडिकल्स बढ़ जाएं तो ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस बढ़ सकता है, जो हार्ट डिजीज, टाइप 2 डाइबिटीज जैसी बीमारियों की वजह है। ○ इसमें क्रेरसेटिन नाम का पॉवरफुल एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो ब्लड शुगर लेवल और ब्लड प्रेशर को नियंत्रण में रखता है। ○ एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर सहजन खाने से कैंसर का जोखिम कम होता है।

### इंसानों के लिए प्रकृति का वरदान है सहजन

वाराणसी के राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में असिस्टेंट प्रोफेसर और डॉक्टर अजय कुमार कहते हैं कि सहजन एक सुपरफूड है। आयुर्वेद में इस पेड़ के हर हिस्से को किसी न किसी बीमारी के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

### सेहत को इतने सारे लाभ होते हैं सहजन से





# बच्चे भी हो रहे मोबाइल फोन के आदी

## पड़ रहा ब्रेन और आंखों पर असर

रूकन राजपूत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** युवाओं और किशोरों पर तो एंड्रॉयड मोबाइल फोन का नशा चढ़ा हुआ है ही, मासूम बच्चे भी इसके आदी हो रहे हैं। इसमें मां-बाप, परिजनों का भी अहम रोल है, जो रोते हुए बच्चों को चुप कराने, बहलाने के लिये उनके हाथों में मोबाइल फोन थमा देते हैं। इससे बच्चे चिड़चिड़े, आक्रामक हो रहे हैं, उसकी फिजिकल ग्रोथ प्रभावित हो रही है तथा आंखों एवं ब्रेन पर भी असर पड़ रहा है।

नये-नये एंड्रॉयड मोबाइल फोन पाने का नशा युवा पीढ़ी के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। मोबाइल फोन के दुरुपयोग और इससे समाज में बढ़ती विकृति के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। काफी युवा तो देर रात तक मोबाइल के 'नशे' में डूबे रहते हैं। युवा पीढ़ी तो मोबाइल की दीवानी है ही, मासूम बच्चे भी इसके आदी हो रहे हैं। उनके हाथ से मोबाइल लेना मुश्किल है। मोबाइल न मिले, तो वे रोने, चिल्लाने लगते हैं। मासूम बच्चों को लग रही मोबाइल की लत के लिए ये मां-बाप, परिजन भी दोषी हैं। बच्चा जब रोता है, तो मां-बाप, परिजन उसे चुप कराने के लिये उसके हाथों में वीडियो चलता हुआ मोबाइल थमा देते हैं। धीरे-धीरे बच्चे इसके आदी हो जाते हैं और फिर उनकी मोबाइल में वीडियो देखने, गेम्स खेलने की आदत छुड़ाना मां-बाप के लिये बेहद मुश्किल हो जाता है।



### न दें मासूमों को मोबाइल

यदि बच्चा रो रहा है, तो उसे खिलौनों या खाने-पीने की चीज देकर चुप करने का प्रयास करें। मासूम को बहलाने के लिये उसके हाथ में मोबाइल थमाने का मतलब, उसे मोबाइल की लत लगाना है। मां-बाप को इससे बचना चाहिये। बच्चों में आउटडोर गेम्स खेलने की आदत डालें। जो बच्चे मोबाइल के आदी हो चुके हैं, उनकी लत छुड़ाना आसान नहीं है। इसके लिये उनके अंदर आउटडोर गेम्स के प्रति आकर्षण पैदा करना होगा।

### फिजिकल ग्रोथ भी प्रभावित हो रही

**पीएचसी नजीबाबाद के चिकित्साधिकारी डा. कौनैन अली का कहना है कि मोबाइल की लत से बच्चों की फिजिकल ग्रोथ प्रभावित हो रही है। मोबाइल देखने में व्यस्त रहने के कारण बच्चे आउटडोर गेम्स नहीं खेल रहे हैं, जिससे उनकी फिजिकल ग्रोथ कम हो रही है। ज्यादा मोबाइल देखने से बच्चों की आंखों तथा ब्रेन पर असर पड़ रहा है। उनके व्यवहार में भी परिवर्तन हो रहा है तथा उनके अंदर अग्रेशन ( आक्रामकता ) बढ़ रही है। बच्चे मोबाइल में जिस तरह के गेम खेलते हैं या वीडियो देखते हैं, उसी तरह का व्यवहार करने लगते हैं।**



मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालु।

# रामनवमी पर नीलकंठ महादेव मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** रमेशनगर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में रामनवमी के शुभ अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित सुनील शर्मा द्वारा मंत्र उच्चारण सहित विधिवत पूजन अर्चना कर राम की महिमा का गुणगान किया। भगवान राम के मंत्र का जाप किया गया तथा आरती से समापन कर प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। इस अवसर पर सुमन वर्मा, रूपम, मोना, संगीता, सुधा, भावना, पुष्पा वर्मा, मीनाक्षी अग्रवाल, सुशीला, अलका अग्रवाल, शोभा, ऋचा अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

# व्यापारी नेता कपिल सर्राफ ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के रायपुर मार्ग स्थित सरदार कुलवंत सिंह पेट्रोल पंप के समीप बीती रात उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने लन्दन सिटी कार्निवाल प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर व्यापारी नेता कपिल सर्राफ ने कहा कि मेले भारतीय संस्कृति के प्रतीक होते हैं, ऐसे मेलों का हम सभी को आनंद लेना चाहिए। प्रदर्शनी में स्वच्छ वातावरण व सुरक्षा के सभी प्रबंध है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग प्रदर्शनी में परिवार के साथ आकर इसका आनंद उठा सकते हैं। प्रदर्शनी के ठेकेदार मोहित जायसवाल व कामरान अली ने मुख्य अतिथि कपिल सर्राफ सहित अन्य सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रदर्शनी में बच्चों के मनोरंजन के लिए बड़े झूले, चरखी, कार, ट्रेन के साथ काफी आइटम है। साथ ही विभिन्न प्रकार के सामान के स्टालों के साथ खाने-पीने का सामान उपलब्ध है। इस अवसर पर हाजी मोबीन कुरैशी, रईस कुरैशी, मोनू टाटा, मुकीम कुरैशी, शेर अली, मौ. जाकिर, तनवीर खान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



प्रदर्शनी का उद्घाटन करते व्यापारी नेता कपिल सर्राफ।



मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित करतीं प्रधानाचार्या फरजाना परवीन।

# पारस पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के पारस पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय के बच्चों में खुशी का माहौल देखने को मिला। विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 5 में आरव कुमार, कक्षा 4 में जोबिया, कक्षा 3 में रीजा इलाही, कक्षा 3 में मोहम्मद फरजान, कक्षा 2 में मोहम्मद रहबर, कक्षा 2 में ताहुरा फातिमा, कक्षा 1 में मोहम्मद अश्याम, कक्षा 1 में सैनी सैफी, यूकेजी में लैबा नूर, यूकेजी में आमिर हमजा, एलकेजी में आफिया नाज, एलकेजी में इब्राहीम जावेद तथा प्ले ग्रुप में मोहम्मद उसैद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नर्सरी के मोहम्मद आरिज व नर्सरी के मोहम्मद उमर ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर मोहम्मद सुलेमान, सुभान, सलीम अहमद, नगमा, प्रीति, सफिया, चांदनी, जाहिरा, सविता, नीता व शीतल का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती फरजाना परवीन ने सभी बच्चों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।



# हमलावरों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग

## थानाध्यक्ष से मिले हिन्दू संगठनों के नेता

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम कामराजपुर निवासी जोगी समाज के युवकों सुमित पुत्र कलीराम तथा शिवम पुत्र राजेश का बाइक पर चलते हुए गांव के रास्ते पर मोबाइल गिर जाने के बाद उसमें लात मारने को लेकर गांव निवासी मौ. नईम से विवाद एवं मारपीट हो गई थी। इस घटना के बाद रात्रि में जब सुमित तथा शिवम बाइक से गोपालपुर जा रहे थे, तो मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने उनका पीछा करते हुए उन्हें ग्राम मौ. अलीपुर द्वारका में पुष्पेन्द्र के घर के सामने पकड़ लिया था और उनके साथ लात-घूंसों एवं लाठी-डंडों से मारपीट की थी। पुलिस ने 6 व्यक्तियों मौ. नईम, मौ. आमिर, मौ. अमजद, साजिद, वाजिद तथा अरशद को बीएनएसएस की धारा 170 के अंतर्गत गिरफ्तार करके चालान किया था। एसडीएम कोर्ट के आदेश पर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। उक्त प्रकरण में शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत गौरक्षा प्रमुख कैलाश उपाध्याय, जिला गौरक्षा प्रमुख सिंधुराज सिंह, आरएसएस की धर्म जागरण समन्वय समिति के विभाग संयोजक शिवध्यान सिंह तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार के नेतृत्व में कामराजपुर के पीड़ित एवं अन्य ग्रामीण थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर से मिले। उन्होंने थानाध्यक्ष से आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने, अन्य सभी आरोपियों के नाम मुकदमे में शामिल किये जाने, मुकदमे में सुसंगत धारायें लगाये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि एक आरोपी के हाथ में अवैध शस्त्र भी था, उसे गिरफ्तार कर अवैध शस्त्र बरामद किया जाये। थानाध्यक्ष ने न्यायोचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संदीप एड., योगेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र शर्मा, शोभित चौधरी, विनित कुमार, विकास कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, सोमीनाथ, राधेश्याम, रामबहादुर, विक्की, सत्यम, पीड़ित सुमित के पिता कलीराम व भाई अमित सहित कई ग्रामीण भी उपस्थित रहे।


थानाध्यक्ष से वार्ता करते विहिप, आरएसएस, भाजपा नेता।

# दामाद ने परिजनों को साथ लेकर ससुराल वालों पर हमला किया

## एक युवक गम्भीर रूप से घायल

**नांगल सोती (चिंगारी)।** दामाद ने अपने परिजनों तथा साथियों को बुलाकर ससुराल वालों पर हमला बोल दिया। औरतों को भी पीटा गया तथा एक युवक का सिर फट गया। ग्राम जीतपुर निवासी बब्लू ने बताया कि उसने अपनी पुत्री मोनिका की शादी पिछले वर्ष अप्रैल में क्षेत्र के ग्राम कामराजपुर निवासी रोहिताश पुत्र मदनपाल से की थी। बब्लू का आरोप है कि पुत्री के ससुराल वाले उसका ख्याल नहीं रखते हैं तथा पति उसके साथ मारपीट करता है। उसकी पुत्री पिछले तीन महीने से मायके में ही रह रही है। बब्लू ने बताया कि कल उसका दामाद रोहिताश, उसकी पुत्री मोनिका को लेने आया था। शाम के समय उसने दामाद को सुबह को ले जाने के लिये कहा था। थोड़ी देर बाद उसके दामाद ने छत पर जाकर उसकी पुत्री के साथ मारपीट की और भाग गया। उसने अपने घर पर फोन करके झूठ बोलते हुए कह दिया कि उसे ससुराल वालों ने पीट दिया है। बब्लू का आरोप है कि देर शाम कामराजपुर से कई व्यक्ति आ गये और उन पर हमला बोल दिया। मारपीट करते हुए आकाश पुत्र शुक्लचंद का सिर फोड़ दिया। सत्यम उर्फ भूरे पुत्र मनोज के हाथ में डंडा मारकर उसे घायल कर दिया। घर में पत्थर भी फेंके। बब्लू का कहना है कि उसकी पत्नी तथा पुत्री सहित कई लोगों के साथ मारपीट की गई। पीड़ित परिवार रात्रि में थाने पहुंचा। पुलिस ने लहूलुहान आकाश का मेडिकल परीक्षण कराया। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है।


हमले में घायल युवक

# परीक्षाफल घोषित, मेधावी बच्चे पुरस्कृत



**चांदपुर (चिंगारी)।** आधारशिला द स्कूल चांदपुर का प्राइमरी विंग का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल, श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्य श्रीमती अनिता शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, मित्रविंदा कर्णवाल, प्राइमरी विंग की अध्यापिका हंसाली चौहान, रिया राजपूत, काजल भाटिया, निशु, चारू अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, विशाखा तोमर, काजल वर्मा, शुभी अग्रवाल, निर्मला, रुबी राजपूत, विभूति त्यागी, प्रतिभा भारद्वाज, दीपा ढाका, प्रतिष्ठा राजपूत, महक, स्वेता तोमर, एकता त्यागी, महिमा राजपूत, पूजा चौधरी, प्रीति चौधरी व बबीता रानी आदि मौजूद रहीं।

# स्कूटी व पिकअप की भिड़ंत में तीन घायल

## एक महिला की हालत गम्भीर

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** एक ही दिशा में आगे पीछे चल रहे स्कूटी व पिकअप की भिड़ंत में स्कूटी सवार तीनों व्यक्ति घायल हो गए, जिनमें एक महिला को हायर सेंटर रैफर किया गया है। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम अंगदपुर निवासी साबिर हुसैन (65 वर्ष) शनिवार की दोपहर बाद एक निजी कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी पत्नी मुन्नी देवी (60 वर्ष) व अपने साले की पुत्री सरीन जहां (20 वर्ष) को साथ लेकर स्कूटी से घर वापस लौट रहे थे। दहलावाला बस स्टैंड पर पीछे से आ रही पिकअप की स्कूटी से भिड़ंत हो गई, जिसमें स्कूटी चालक साबिर हुसैन सहित पीछे बैठी दोनों महिलाएं घायल हो गईं, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सक ने मुन्नी देवी को गम्भीर चोट के कारण हायर सेंटर रैफर किया है। रेहड़ पुलिस का कहना है कि घटना संज्ञान में आई है, यदि तहरीर आई तो आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।


मौके पर मौजूद ग्रामीण व राहगीर।

# नन्हे सितारों की चमक से जगमगाया सिटी क्राउन का वार्षिकोत्सव

## बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने जीता सबका दिल, शिक्षा के साथ अच्छे संस्कारों का संदेश भी दिया गया

**नहटौर (चिंगारी)।** सिटी क्राउन पब्लिक स्कूल नहटौर का दूसरा वार्षिकोत्सव मेहदी विला परिसर में बहुत ही खुशी और उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्री-नर्सरी, नर्सरी और एलकेजी के छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्यारी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने गीत, नृत्य, कविता, छोटे-छोटे नाटक और अलग-अलग पात्रों के रूप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखकर सभी लोग खूब खुश हुए और तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका मैडम नाहीद अंसारी ने बहुत अच्छे तरीके से किया। पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था 'स्वस्थ नहटौर' अभियान के कार्यकर्ता इताअत हुसैन ने संभाली। विद्यालय की प्रधानाचार्या रज़िया ज़ैदी ने स्कूल की सालभर की प्रगति रिपोर्ट पेश की और शिक्षकों के मेहनत भरे काम की सराहना की। उन्होंने अभिभावकों का भी धन्यवाद किया और कहा कि उनके सहयोग से ही स्कूल लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। मुख्य अतिथि मेजर चरण सिंह शर्मा (पूर्व प्रधानाचार्य, एसएनएसएम इंटर कॉलेज) ने बच्चों की प्रस्तुतियों की खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि बच्चों की शुरुआती शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण होती है और इस समय उनमें सीखने की रुचि जगाना जरूरी है। विद्यालय के संस्थापक ग़िज़ाल मैहदी ने सभी अभिभावकों और अतिथियों का धन्यवाद किया। उन्होंने बच्चों में बढ़ते मोबाइल और टीवी के इस्तेमाल तथा जंकफूड खाने की आदत पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ये आदतें बच्चों के स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं हैं और आगे चलकर डायबिटीज़ और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों का कारण बन सकती हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों और शहर के सम्मानित लोगों ने भाग लिया और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इनमें अंकुर जैन, राजा अंसारी, डॉ. सलीम अहमद, डॉ. तारिक नज्मी, कामरेड गुलाम साबिर, मुसव्विर हुसैन (एडवोकेट), नाज़िम अंसारी, दिलशाद अहमद, अकरम अंसारी और नौशाद अहमद सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।



# पकड़े गये दो बाइक चोर

## अस्पतालों के सामने से बाइक चुराकर मुरादाबाद ले जाते थे



**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे को मोहल्ला मोहम्मद नगर निवासी समीर पुत्र इदरीस की गत 26 मार्च को चोरों ने दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ली थी। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने बाइक चोरी की घटना के खुलासे के लिए कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक श्रीकान्त सत्यार्थी के नेतृत्व में टीम गठित की थी। गत 27 मार्च की रात्रि मुरादाबाद रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान बगैर नम्बर प्लेट की बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस को पूछताछ में युवकों ने अपना नाम व पता निखिल शर्मा पुत्र स्वर्गीय योगेश शर्मा निवासी मोहल्ला प्रीत विहार कालोनी खुशहालपुर, थाना मंझौला, मुरादाबाद व सत्यम पुत्र बिशन कुमार निवासी रेलवे कालोनी हरथला थाना सिविल लाइन, मुरादाबाद बताया। पुलिस ने आरोपियों की निशादेही पर चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली। उक्त युवकों ने पुलिस को बताया कि वह भीड़-भाड़ वाले स्थानों व अस्पतालों के सामने से बाइक चोरी कर मुरादाबाद ले जाते थे। पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उनका चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने आरोपियों के चालान की पुष्टि की है।

# हादसे में मृत व्यक्ति की पत्नी ने एक सप्ताह बाद कराया मुकदमा दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** जनपद अमरोहा के थाना क्षेत्र नौगांवा सादात के गांव बसेड़ा तगा निवासी महिला लक्ष्मी ने शनिवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 20 मार्च को उसका पति ओमकार सिंह अपनी ससुराल जाने के लिए वाहन की प्रतीक्षा सूची में क्षेत्र के गांव चेलापुर के पास सड़क किनारे खड़े थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ओमकार को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य के केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा मुकदमा लिखे जाने की पुष्टि की है।

## जैन समाज द्वारा कल महावीर जयंती पर निकाली जायेगी शोभायात्रा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय दिगम्बर जैन समाज द्वारा कल भगवान महावीर की जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। इस अवसर पर प्रात: साढ़े 5 बजे जैन मंदिर से प्रभात फेरी निकाली जायेगी, जो कलेक्ट्रेट के गेट पर स्थित धर्मचक्र पर ध्वजारोहण करने के पश्चात वापस मंदिर आकर श्री जी का सामूहिक प्रक्षाल व पूजन किया जायेगा। तदुपरांत साढ़े 9 बजे श्री मंदिर से श्री जी की भव्य शोभायात्रा सर्राफा बाजार, घंटाघर, डाकखाने, नगर पालिका चौक होकर महावीर बाल विद्या मंदिर तक जायेगी। जहां श्री जी का अभिषेक एवं पूजन करने के उपरांत वापस मंदिर पर आकर समाप्त होगी। उल्लेखनीय है कि आजकल जैन अतिथि भवन में 105 निसर्ग मती माता जी विराजमान हैं।

**नामित सभासदों को दिलाई शपथ**

# झालू का होगा चहुंमुखी विकास, बैठक में अनेक प्रस्ताव पास

**सभागार का नाम डा. अंबेडकर के नाम पर**

**झालू ( चिंगारी )। नगर पंचायत झालू में शासन द्वारा मनोनीत तीन सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत में स्थित सभागार का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार रखे जाने की घोषणा की गयी।**

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के उपरांत नगर पंचायत बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी सहित समस्त सभासदगण उपस्थित रहे। बैठक में नगर के समग्र एवं योजनाबद्ध विकास को ध्यान में रखते हुए 27 करोड़ 46 लाख 30 हजार रुपये की लागत के विभिन्न विकास प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक के दौरान सभासदों द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। स्वच्छता, जल निकासी एवं आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए व्यापक योजनाएं तैयार की गईं।




इसके अतिरिक्त ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देने हेतु सोलर लाइट एवं सोलर पार्क स्थापना के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। नगर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को प्रभावी बनाने, तालाबों में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने तथा ट्रीटमेंट प्लांट (बायो रिमूवेशन) स्थापित करने का निर्णय लिया गया। नगर सीमा विस्तार (परिसीमन) का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया, जिससे भविष्य में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सुविधा प्राप्त होगी। वहीं स्टेडियम से हाईटेंशन लाइन हटाने का प्रस्ताव पारित कर खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। विशेष रूप से लंबे समय से बंद पड़े एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर को पुन: संचालित करने का निर्णय लिया गया। इस केंद्र के माध्यम से कचरे का वैज्ञानिक पृथक्करण किया जाएगा। इससे नगर पंचायत की आय में वृद्धि होने के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने हेतु 6 नए ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। बैठक में रोडवेज बस स्टैंड निर्माण का महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया, जिस पर सभी सभासदों ने एकजुट होकर समर्थन प्रदान किया। यह प्रस्ताव नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आमजन को सुगम आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेन्द्र चौधरी, अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल, समस्त सभासद, वरिष्ठ लिपिक अनुज अग्रवाल, लिपिक अनिल शर्मा सहित अन्य कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विवाह समारोह में गई युवती तड़के 4 बजे प्रेमी संग फरार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** परिजनों के साथ विवाह समारोह में गई युवती अचानक लापता हो गई। युवती के पिता ने एक युवक पर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर निवासी एक व्यक्ति ने थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि वह गत 23 मार्च को शेरकोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गया था। आरोप है कि अगले दिन तड़के 4 बजे वहीं से हिदायतपुर निवासी बेगराज सिंह नामक युवक उसकी पुत्री को बहला फुसला कर भाग ले गया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी बेगराज के पिता यादराम से जब शिकायत की गई तो तो वह आग बबूला होकर उल्टा धमकाने लगा। युवती के पिता ने आरोप लगाया कि बेगराज द्वारा उसकी पुत्री को भगा ले जाने में बेगराज के पिता यादराम सिंह व उसके मौसा भृदेव सिंह भी हमसाज हैं। उधर, थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि इस संबंध में युवती के पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# बजट राशि का दुरूपयोग न किया जाये - तपराज सिंह देशवाल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सहकारी गन्ना विकास समिति लि. नजीबाबाद की वार्षिक बजट बैठक शनिवार को समिति के सभापति ब्रजकुमार सिंह की अध्यक्षता तथा एड. ब्रजराज सिंह के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि गन्ना समिति नजीबाबाद को अपने कार्यों के लिये प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि प्रबंध समिति एवं किसानों के लिये बेहद सम्मान की बात है। साथ ही बजट में प्रावधानित कृषि यंत्रों एवं दवाइयों को क्रय करने के लिये विमर्श, सलाह हेतु समिति क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों की एक कमेटी गठित करने का प्रस्ताव भी पास किया गया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि कम्पनी एजेंट द्वारा जबरन थोपे जाने वाले कृषि यंत्र एवं दवाइयां खरीद कर बजट राशि का दुरुपयोग न किया जाये। किसानों के लिये खेती के प्रशिक्षण की व्यवस्था हेतु भी बजट में प्रावधान किया गया है।




बजट बैठक को संबोधित करते हुए तपराज सिंह देशवाल।

बैठक में गन्ना समिति के सचिव वी. के. शुक्ल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में सभी मदों हेतु प्रस्तावित बजट राशि प्रस्तुत की गई। बजट में कृषि यंत्रों की खरीद, खाद भवन निर्माण, किसान प्रशिक्षण, कर्मचारी प्रशिक्षण व अन्य किसान लाभ के मदों को कई गुना बढ़ाकर पास किया गया। अंत में समिति के सभापति ब्रजकुमार सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित सभी किसानों, किसान प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया गया। समिति के संचालक सुधीर चौधरी, चरणजीत सिंह, रोहित कुमार एड., ब्रजराज सिंह एड., चीनी मिल के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील चौधरी, बेगराज सिंह, राघव प्रताप एड. सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



## राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 30 मार्च 2026**

मेष- आरोग्य सुख में कमी, मित्रों से गलतफहमियां, परिवार में अशांति, धन का अभाव, विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता, सुख में कमी, आवागमन में प्रतिकूलता।

वृषभ- योजना साकार होने की ओर, विवादास्पद मसला हल होने को, मनोविनोद के अवसर, मांगलिक आयोजन सम्पादित, नवसम्पर्क का सुयोग, सामाजिक कृत्य।

मिथुन- बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, उल्लास का वातावरण, सुसंदेश की प्राप्ति, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, मेल-मिलाप में रुचि, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

कर्क- निराशा का समापन, जनसम्पर्क का सुयोग, कुछेक मसला हल, नवीन योजना का श्रीगणेश, धनागम का मार्ग प्रशस्त, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता, शांति भी।

सिंह- समस्याओं से चिन्ता, स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यवसाय में असफलता, आपसी सम्बन्धों में कटुता, दाम्पत्य जीवन में असन्तोष, जोखिम से नुकसान, हानि संभव।

कन्या- आर्थिक उन्नति, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, अधूरे या नवकार्य प्रगति की ओर, कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

तुला- ग्रहयोग बेहतर, भावी योजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, व्यक्तित्व का विकास, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, यात्रा का प्रसंग।

वृश्चिक- अभीष्ट कार्यों में सिद्धि, सुसंदेश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, साहसिक प्रयास प्रगति पर, विवाद की निवृत्ति, मनोविनोद के सुअवसर, लाभ भी।

धनु- पारिवारिक उलझनें, कार्यों में असफलता की स्थिति, लाभार्जन में व्यवधान, निजी इच्छा की पूर्ति में व्यवधान, अनावश्यक व्यय, यात्रा कष्टकर, विरोधियों से परेशानी।

मकर- समय संतोषजनक, स्वजनों से विचार विनिमय, नौकरी में प्रोन्नति, मान-सम्मान में वृद्धि, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त, पारिवारिक खुशी।

कुम्भ- कठिनाइयों का निवारण, स्वयं का निर्णय हितकर, मनोविनोद के सुअवसर, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, मन प्रसन्न।

मीन- ग्रहयोग बेहतर, मनोरथ पूर्ण, पुरुषार्थ से कार्य सिद्धि, समस्या का समाधान, सुख सुविधा में वृद्धि, सम्भावित यात्रा सुखद, स्वाध्याय की ओर रुझान, मानसिक राहत।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

## सोम प्रदोष व्रत : 30 मार्च को

# भगवान शिवजी अपने भक्तों को ऐश्वर्य एवं वैभव का देते हैं वरदान

### आरोग्य सुख के साथ होती है सौभाग्य में अभिवृद्धि

33 कोटि देवी-देवताओं में भगवान शिवजी को ही देवाधिदेव महादेव माना गया है। देवाधिदेव भगवान शिवजी की महिमा अपरम्पार है। भगवान शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए शिवपुराण में अनेक व्रतों का उल्लेख मिलता है, जिसमें प्रदोष व्रत अत्यन्त चमत्कारी माना गया है। कलियुग में इस व्रत को शीघ्र फलदायी माना गया है। प्रदोष व्रत से जीवन में सुख-समृद्धि, खुशहाली आती है, दु:ख-दारिद्र्य का नाश होता है। मनोकामना एवं अभीष्ट की पूर्ति के लिए 11 प्रदोष व्रत या वर्ष के समस्त त्रयोदशी तिथियों का व्रत अथवा मनोकामना पूर्ति होने तक प्रदोष व्रत रखने का विधान है। सूर्यास्त और रात्रि के सन्धिकाल को प्रदोषकाल माना जाता है। ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि प्रत्येक मास के दोनों पक्षों की त्रयोदशी तिथि को किए जाने वाला प्रदोष व्रत इस बार 30 मार्च, सोमवार को रखा जाएगा। चैत्र शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 30 मार्च, सोमवार को प्रात: 7 बजकर 10 मिनट पर लगेगी, जो कि अगले दिन 31 मार्च, मंगलवार को प्रात:काल 6 बजकर 57 मिनट तक रहेगी। प्रदोष व्यापिनी त्रयोदशी तिथि का मान 30 मार्च, सोमवार को होने के फलस्वरूप प्रदोष व्रत इसी दिन रखा जाएगा। प्रदोषकाल का समय सूर्यास्त से 48 मिनट या 72 मिनट तक माना गया है।



#### ऐसे करें प्रदोष व्रत

ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि व्रतकर्ता को प्रात:काल ब्रह्ममुहूर्त में उठकर समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त होकर स्नान-ध्यान व पूजा-अर्चना के पश्चात अपने दाहिने हाथ में जल, पुष्प, फल, गन्ध व कुश लेकर प्रदोष व्रत का संकल्प लेना चाहिए। सम्पूर्ण दिन निराहार रहते हुए सायंकाल पुन: स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करके प्रदोषकाल में भगवान शिवजी की विधि-विधानपूर्वक पंचोपचार, दशोपचार अथवा षोडशोपचार पूजा-अर्चना करनी चाहिए। भगवान शिवजी का अभिषेक कर श्रृंगार करने के पश्चात उन्हें वस्त्र, यज्ञोपवीत, आभूषण, सुगन्धित द्रव्य के साथ बेलपत्र, कनेर, धतूरा, मदार, ऋतुपुष्प, नैवेद्य आदि अर्पित करके धूप-दीप के साथ पूजा-अर्चना करनी चाहिए। परम्परा के अनुसार कहीं-कहीं पर जगतजननी पार्वतीजी की भी पूजा-अर्चना की जाती है। यथासम्भव स्वच्छ वस्त्र धारण कर पूर्वाभिमुख या उत्तराभिमुख होकर ही पूजा करनी चाहिए। यदि शिवभक्त अपने मस्तक पर भस्म व तिलक लगाकर शिवजी की पूजा-अर्चना करें तो पूजा शीघ्र फलित होती है। भगवान शिवजी की महिमा में उनकी प्रसन्नता के लिए प्रदोष स्तोत्र का पाठ एवं स्कन्दपुराण में वर्णित प्रदोषव्रत कथा का पठन या श्रवण अवश्य करना चाहिए।



व्रत से सम्बन्धित कथाएं सुननी चाहिएं, जिससे मनोरथ की पूर्ति का सुयोग बनता है। व्रत के दिन नजदीक के शिव मन्दिर में दर्शन-पूजन करके लाभ उठाना चाहिए। यह प्रदोष व्रत समस्तजनों के लिए मान्य है। व्रतकर्ता को दिन में शयन नहीं करना चाहिए। व्रत के दिन अपने परिवार के अतिरिक्त कहीं कुछ भी ग्रहण करने से बचना चाहिए। अपनी दिनचर्या को संयमित रखते हुए व्रत करके लाभान्वित होना चाहिए। अपनी सामर्थ्य के अनुसार ब्राह्मणों को दान करना चाहिए, साथ ही गरीबों व असहायों की सेवा व सहायता अवश्य करनी चाहिए। श्रद्धा-भक्तिभाव के साथ किए गए प्रदोष व्रत से जीवन में सुख-समृद्धि, खुशहाली तो मिलती ही है, साथ ही शिवजी की कृपा से समस्त मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं।

#### दिनों के अनुसार प्रदोष व्रत का फल

ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि प्रत्येक दिन के प्रदोष व्रत का अलग-अलग प्रभाव है। वारों (दिनों) के अनुसार सात प्रदोष व्रत माने गए हैं, जैसे- रवि प्रदोष-आयु, आरोग्य, सुख-समृद्धि, सोम प्रदोष-शान्ति एवं रक्षा तथा आरोग्य व सौभाग्य में वृद्धि, भौम प्रदोष-कर्ज से मुक्ति, बुध प्रदोष-मनोकामना की पूर्ति, गुरु प्रदोष-विजय व लक्ष्य की प्राप्ति, शुक्र प्रदोष-आरोग्य, सौभाग्य एवं मनोकामना की पूर्ति, शनि प्रदोष-पुत्र सुख की प्राप्ति बतलाई गई है।

-ज्योतिर्विद् श्री विमल जैन
मो. : 09335414722

# अपना-अपना मौसम

व्यंग्य

साधो! आजकल मौसम सुहावना हो रहा है, सर्दी अपने साथ जुड़ी तमाम समस्याएं जो ले गई, सो! अब इस गुलाबी से मौसम में सब कुछ गुलाबी-गुलाबी हो रखा है। किंतु, सुधि जनो! तनिक सावधानी रखिएगा, यदि इस रंग बदलते मौसम की चपेट में आ गए तो इन सुहावने नजारों को बदलने में देर नहीं लगेगी, एक ओर जहां, मौसम ने चोला बदला, वहीं सियासत में भी मौसम बदला, जो कि उसकी फितरत है.. जिससे किसी के दिल खिल गए.. तो किसी को वायरल हो गया, और इसमें कोई एंटीबायोटिक भी काम नहीं करती है।

हां! यदि किसी पर इस बदलते मौसम का प्रभाव नहीं पड़ता है, तो वह है 'महाराजाधिराज भ्रष्टाचार जी', जिनकी खिलखिलाहट सर्दी, गर्मी, बरसात यानी, हर मौसम में जारी रहती है। यह जनाब हर मौसम में सक्रिय रहते हैं, साथ ही यह इतने व्यस्त हैं कि इन्हें दम करने की फुर्सत भी नहीं मिलती है।

आप इन्हें सदाबहार भी कह सकते हैं, क्योंकि इन पर मौसम तो क्या, बढ़ती उम्र का भी असर नहीं होता, इनके निखार, फिटनेस का कोई सानी नहीं है ... तभी तो बाजार में उनकी डिमांड लगातार बढ़ती ही जा रही है।



साधो! मुझे तो लगता है कि जनकल्याण हेतु इन्हें कोचिंग सेंटर खोल लेने चाहिए, ताकि वहां से दक्ष भ्रष्टाचारी निकलें... और वहां प्रशिक्षण देने के लिए भी ऐसे अनुभवी लोगों को नियुक्त किया जाना चाहिए, जो जेल यात्रा एवं घोटाले, दोनों में पारंगत हों, लेकिन उसमें भी तिहाड़ जेल वालों को वरीयता दी जानी चाहिए। हमें पूर्ण विश्वास है कि जब इनका वर्तमान ही इतना देदीप्यमान है, तो भविष्य भी उज्जवल ही होगा और इन्होंने यह साबित भी कर दिया है, तभी तो पूर्व में 'अन्ना' जैसी अड़चन भी इनका कुछ नहीं उखाड़ सकी। हां! एक खुशखबरी और है कि इस रंग बदलते मौसम में अपने युवराज भी गंभीर एवं आक्रामक होने के लिए शिद्दत से प्रयासरत हैं .. जिसका आकलन समय ही करेगा।

आरोपों-प्रत्यारोपों का मौसम भी यथावत, शबाब पर है... लोकतंत्र है भई! .. सो यहां कोई किसी पर भी आरोप लगा सकता है। मसलन एक पड़ोसी दूसरे पड़ोसी से कह सकता है कि 'तू बंदर है'...वह विरोध करेगा और बोलेगा कि 'मैं इंसान हूं, बंदर नहीं,' पर! जवाब मिलेगा, यदि ऐसा है तो साबित करके दिखा,...हम तो तभी मानेंगे जब सबूत मिल जाएंगे...लीजिए! बैठे-ठाले बन गया,..अच्छा खासा आदमी का बंदर, अब खुद को आदमी साबित करने के लिए सबूत इकट्ठे करता फिरेगा, बेचारा! तब तक अगला,.. किसी दूसरे को लपेट देगा। वैसे, आरोपों-प्रत्यारोपों के अलावा अपने लोकतंत्र की एक खासियत यह भी है कि आप सरकार से कोई भी 'मांग' कर सकते हैं ... हालांकि मांग पूरी होना न होना,.. एक अलग मुद्दा है।

अब माननीयों की लीला तो माननीय ही जानें, वह तो अपने किसी प्रिय के लिए 'भारत रत्न' की मांग भी कर सकते हैं।

वैसे, इन सबमें आम आदमी की क्या बात करें.. उसकी तो इस महंगाई के दौर में इज्जत के साथ दाल-रोटी चलती रहे..यही खुदा की नियामत है... वरना उसकी जिंदगानी तो इसी आस में कट जानी है कि शायद...कभी उसका भी मौसम आएगा।

-सुमन चौधरी 'सुमन' बिजनौर
9412855939

# पुरानी जेल का होगा जीर्णोद्धार

## एतिहासिक महत्व की वस्तुओं को सुरक्षित रखने के निर्देश

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित पुरानी जेल परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर इसके जीर्णोद्धार एवं संरक्षण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के उपरांत जिला कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय नागरिकों एवं व्यापार सभा के पदाधिकारियों से सुझाव भी प्राप्त किये गये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि पुराने जेल भवन को पूर्ण रूप से ध्वस्त नहीं किये जाने पर सहमति बनी। उन्होंने निर्देशित किया कि केवल अत्यधिक जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत की जाए, जबकि मजबूत संरचना को सुरक्षित रखा जाए, ताकि भवन का ऐतिहासिक स्वरूप अक्षुण्ण बना रहे। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिये कि जेल से जुड़ी ऐतिहासिक वस्तुओं एवं विरासत को संरक्षित करते हुए उन्हें व्यवस्थित रूप से प्रदर्शित किया जाए, जिससे आने वाली पीढ़ियों को क्षेत्र के इतिहास से परिचित कराया जा सके।

बैठक में विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि पुरानी जेल जनपद की ऐतिहासिक धरोहर है, जिसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसे एक संग्रहालय के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को




भी क्षेत्र के इतिहास से परिचित कराया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पुरानी जेल के मुख्य हिस्से को स्मारक के रूप में सुरक्षित रखते हुए शेष भाग में पारंपरिक पहाड़ी शैली में कार्यालय भवनों की कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही उन्होंने कार्यदायी संस्था को 10 अप्रैल तक प्रस्तावित कार्यों की संकल्पना योजना (कॉन्सेप्ट प्लान) तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पुरानी जेल से संबंधित वस्तुओं को संरक्षित करते हुए प्रदर्शित किया जाय, ताकि उसका भावनात्मक महत्व संरक्षित रह सके। इस पर प्रभारी पुरातत्व अधिकारी अनिरुद्ध सिंह बिष्ट ने जानकारी दी कि पुरानी जेल को हेरिटेज स्वरूप देते हुए गेट, फाइबर प्रतिमाएं, वर्दियां, हथकड़ियां, बेड़ियां, बर्तन एवं कैदियों से जुड़ी अन्य ऐतिहासिक वस्तुओं का प्रदर्शन कर एक आकर्षक जेल संग्रहालय विकसित किया जा सकता है।

इस अवसर पर इतिहासकार पद्मश्री डॉ. यशवंत कटोच, अधिशासी अभियंता लोनिवि रीना नेगी, पेयजल निगम बीरेंद्र भट्ट, सहायक अभियंता पुरातत्व अनिल नेगी, लोनिवि अंकिता सक्सेना, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय कुमार, तहसीलदार दीवान सिंह राणा, व्यापार सभा अध्यक्ष विनय शर्मा, रघुवीर रावत, विमल नेगी, अनिल बहुगुणा सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कठोर वन कानूनों को बनायें सरल अन्य समस्याओं को भी किया जाये हल

## डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने की सीएम से मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यूकेडी के वरिष्ठ नेता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने राज्य वन्य जीव बोर्ड के अध्यक्ष और राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कठोर वन कानूनों को सरल बनाने सहित अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की है। इस संबंध में शिब्बूनगर स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि वर्तमान में कठोर वन कानूनों के चलते ग्रामीण जनता परेशान है। इसलिए पहाड़ी क्षेत्रों से पलायन बढ़ता जा रहा है। उन्होने मांग की कि राजाजी राष्ट्रीय पार्क, नेशनल कॉर्बेट पार्क व टाइगर रिजर्व जोन के क्षेत्र को घटाकर आम जनता के मूल विकास योजनाओं की बाधाओं को दूर किया जाना चाहिए। साथ ही आम जनता व उनके पालतू पशुओं को हिंसक जानवरों से रक्षा करने और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले जंगली जानवरों से बचाने के लिए ठोस कानून बनाने चाहिए। कहा कि पहाड़ी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति की अनदेखी के कारण आम जनता का स्वास्थ्य खतरे में है और उन्हें अपना जीवन बचाने के लिए सामान्य चिकित्सा के लिए भी देहरादून और दिल्ली जाना पड़ता है। इसलिए इन स्वास्थ्य केन्द्रों को विकसित किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने मोटर नगर बस अड्डा निर्माण व मेडिकल कॉलेज निर्माण की मांग भी की। पत्रकार वार्ता में महानगर अध्यक्ष जग दीपक सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, सत्यपाल सिंह नेगी, भारत मोहन काला, उमेद सिंह भंडारी, गुलाब सिंह रावत, और अंबर कपरवाण आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड बोर्ड की परीक्षाओं की कापियों का मूल्यांकन शुरू

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जीआईसी कोटद्वार में उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुक्रवार से शुरू हो गया है। मूल्यांकन केंद्र के उपनियंत्रक एवं प्रधानाचार्य नागेंद्र चौहान ने बताया कि इस संबध में परीक्षकों व अंकेक्षकों को मूल्यांकन कार्य की बारीकियों पर जानकारी दे दी गई है और सभी से जिम्मेदारीपूर्वक अपने कार्यो का निर्वहन करने के लिए कहा गया है। बताया कि इस वर्ष मूल्यांकन केंद्र में हाईस्कूल की गणित, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, संगीत व इंटर की भौतिक विज्ञान, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षा शास्त्र व व्यावसायिक अध्ययन की उत्तर पुस्तिकाएं जांची जाएंगी।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# 'बुरांस' ने कॉलेज में छात्राओं का कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बुरांस सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था की ओर से आर्य कन्या इण्टर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रोजेक्ट निदेशक मदनमोहन भारद्वाज ने कहा कि संस्था द्वारा अपने प्रोजेक्ट दिशा के तहत बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के अंतर्गत यह स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहेगा। इस दौरान कक्षा 6 से कक्षा 11 तक अध्ययनरत 70 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान उनके वजन, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, शुगर आदि की जांच की गई। साथ ही उन्हें सही खान-पान की जानकारी भी दी गई। विद्यालय प्रधानाचार्य रेनू नेगी ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए सभी छात्राओं से दी गई सलाह पर अमल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष ललिता प्रसाद कोटनाला, योगेश राणा और योगिता सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जन समस्याओं को लेकर नागरिक मंच देगा 2 अप्रैल को धरना

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखने पर भी समाधान न होने पर नागरिक मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि समस्याओं के समाधान को लेकर नगर निगम उदासीन बना हुआ है। वहीं मंच ने समस्याओं के समाधान को लेकर क्षेत्रीय सामाजिक संगठनों के सहयोग से 2 अप्रैल को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में नगर आयुक्त पीएल शाह को सौंपे ज्ञापन में मंच के अध्यक्ष सीपी नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट ने कहा है कि नगर निगम क्षेत्र में समस्याओं की भरमार है। समस्याओं को मंच द्वारा समय-समय पर उठाये जाने के बाद भी अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। इसलिए समस्याओं के समाधान को लेकर मंच द्वारा क्षेत्रीय सामाजिक संगठनों के सहयोग से 2 अप्रैल को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

# पुरानी पेंशन योजना को करें बहाल, बोले सीताराम पोखरियाल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने केंद्र व प्रदेश सरकार से पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग की है। कहा कि कर्मचारियों व अधिकारियों के हितों की रक्षा के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाना आवश्यक है। यहां जारी एक बयान में मोर्चा के प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी पिछले लंबे समय से पुरानी पेंशन लागू करने की मांग उठा रहे हैं, लेकिन इस संबंध में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बताया कि इस संबंध में संगठन ने मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की थी, जिसमें मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे को प्रधानमंत्री के समक्ष रखने की बात कही थी, लेकिन इस संबंध में भी कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। कहा कि कर्मचारी व अधिकारियों के हित में पुरानी पेंशन योजना बहाल की जानी आवश्यक है क्योंकि सेवानिवृत्ति के बाद एकमात्र सहारा पेंशन ही होती है।

# 'पत्रकारिता का उद्देश्य समाज को सही दिशा देना होना चाहिये'

## महाविद्यालय में गिरती पत्रकारिता पर हुई भाषण प्रतियोगिता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीजेएमसी विभाग द्वारा टीआरपी की दौड़ में गिरती पत्रकारिता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी ने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य केवल टीआरपी बढ़ाना नहीं बल्कि समाज को सही दिशा देना होना चाहिए। विभाग प्रभारी डॉ. एस. के. गुप्ता ने कहा कि आज अधिकांश न्यूज़ चैनल टीआरपी बढ़ाने की दौड़ में लगे हुए हैं और जनता को झूठी एवं भ्रामक खबरें परोस रहे हैं, जिससे एक ओर तो पत्रकारिता का स्तर लगातार गिरता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जनता की मूलभूत समस्याओं से संबंधित खबरें पीछे छूटती जा रही हैं। विभाग के प्राध्यापक चक्रधर कंडवाल ने पत्रकारिता मे कम्युनिकेशन के प्रभाव पर प्रकाश डाला। छात्र कृष्णकांत कुकरेती ने अपने भाषण में ऑनलाइन जर्नलिज्म विषय पर विस्तार से चर्चा की। सुजल ने यूट्यूब चैनल तथा फेसबुक इंस्टाग्राम के माध्यम से लोकप्रिय होती जा रही पत्रकारिता पर प्रकाश डाला। आयुष धस्माना ने कहा कि आजकल पाठक प्रतिदिन अखबार पढ़ने की बजाय ऑनलाइन एवं डिजिटल माध्यमों से प्राप्त समाचारों की ओर शिफ्ट होते जा रहे हैं। अंशिका बुड़ाकोटी ने कहा कि कई न्यूज़ चैनल अब सही चीजों को दिखाने के स्थान पर भ्रामक एवं झूठी खबरें ज्यादा दिखा रहे हैं। वह पेड न्यूज़ पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं, जिससे सही खबरें जनता के सामने नहीं आ पा रही हैं। तत्पश्चात आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अंशिका बुड़ाकोटी ने प्रथम, कृष्णकांत कुकरेती ने द्वितीय एवं आंचल कुकरेती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान**।
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी**।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# सवारी बैठाने को लेकर दो रिक्शा चालकों में विवाद, चापड़ से हमले का आरोप



## आरोपी को पकड़ कर थाने ले गई पुलिस

बिजनौर ( चिंगारी )। ई–रिक्शा में सवारी बैठाने को लेकर हुए विवाद में एक रिक्शा चालक ने दूसरे पर चापड़ से हमला कर दिया। घटना से थोड़ी देर के लिए अफरा–तफरी मच गई। पुलिस आरोपी को पकड़ कर थाने ले गई है। यहां रामलीला ग्राउंड के पास झालू चौराहे पर सलीम और कुलदीप सैनी में सवारी बैठाने को लेकर विवाद हो गया। कुलदीप का आरोप है कि बख्शीवाला निवासी सलीम ने अपनी रिक्शा से चापड़ निकाल कर उस पर हमला कर दिया, जिससे वह बाल बाल बचा। इस बीच इकट्ठा हुई भीड़ ने सलीम को पकड़ लिया। जबकि सलीम का कहना था कि उसने हमला नहीं किया। भीड़ ने सलीम की पिटाई की और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही आबकारी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और सलीम को चापड़ सहित थाने ले गई।


आवश्यकता है
R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Pattern An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कला बिजनौर को
S.S.T और English विषयों को पढ़ाने के लिए टीचर ( कक्षा 6 से 10 तक ) की
स्टाफ के लिए आने व जाने की फ्री सुविधा भी उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- 8394838034, 8954568123, 9359888044

Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर


# जानकीपुरम कॉलोनी में बढ़ रही संदिग्धों की गतिविधियां

## कॉलोनीवासियों में भय व्याप्त

बिजनौर ( चिंगारी )। शहर की नूरपुर रोड स्थित जानकीपुरम कॉलोनी के निवासियों ने क्षेत्र में बढ़ती संदिग्ध गतिविधियों को लेकर कोतवाली शहर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि रात के समय कुछ अज्ञात लोग संदिग्ध रूप से घूमते दिखाई देते हैं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।

प्रार्थना पत्र में बताया गया कि 18 मार्च को कॉलोनी के एक मकान में अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को पकड़ने में सफल नहीं हो सकी है। इसके बाद से ही कॉलोनीवासी अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं रात 10–11 बजे तक पहरेदारी कर रहे हैं।

निवासियों के अनुसार 26 मार्च की रात कुछ युवकों को कॉलोनी में शराब का सेवन करते हुए पकड़ा गया। विरोध करने पर उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पुलिस को सूचना देने पर उक्त युवक कॉलोनी के ही एक मकान में चले गए। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि उस मकान में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। कॉलोनीवासियों ने संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र देने वालों में प्रियांशु चौहान, अर्जुन, नितिन कुमार, प्रदीप सक्सेना, विजयपाल, सचिन, घनश्याम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अनुज चौधरी के नेतृत्व में सपाई दादरी पहुंचे



बिजनौर (चिंगारी)। दादरी में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सभा में शामिल होने के लिए बिजनौर जिले से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ रवाना हुए। इस काफिले का नेतृत्व अनुज मलिक ने किया। अनुज मलिक ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री की सभा से आगामी चुनावों में संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के निर्देशन में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग का संगठन लगातार सशक्त हो रहा है, जिससे पार्टी को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। इस दौरान जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन, प्रवेश चौधरी, मोहम्मद कसर, नमन, कर्मेंद्र तोमर, सतपाल सिंह, आदित्य, सोमपाल, अनिल, राजीव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


आवश्यकता है
हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए Multihead Embroidery Machine के कुशल ऑपरेटर की आवश्यकता हैं।
योग्य व्यक्ति संपर्क करें।
मो- 8191819148

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

भारत की दो बहादुर बेटियां "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताएं:-
★यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताएं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput, Pranab Rajput, Roopali, Vanshika Singh, Avantika Rana, Avantika Malik
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928